www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

**मौसम**
अधिकतम तापमान 31.c
28.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 98.935g
चांदी 106,000kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live



2 आत्मचिंतन की मांग करता उत्तराखंड, एसओपी के उल्लंघन ने केदारनाथ यात्रा को बनाया असुरक्षित | गौशाला में मिले मृत गोवंश 04



वर्ष :08 | अंक :359 | मुंबई , शुक्रवार , 20 जून 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए


## संक्षिप्त समाचार

### कश्मीर के डोडा जिले में ऊंचाई वाले इलाकों पर सेना ने गश्त की

जम्मू कश्मीर में पर्यटन स्थलों को सरकार द्वारा फिर से खोले जाने के बाद सेना के जवानों ने बृहस्पतिवार को डोडा जिले के भद्रवाह क्षेत्र में जंगलों और पर्वतीय इलाकों में गश्त सहित विभिन्न सुरक्षा उपाय लागू किए। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद सेना द्वारा पहाड़ी क्षेत्रों में शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करने के लिए ये कदम उठाए गए और खासकर तीन जुलाई से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा की ओर ध्यान केंद्रित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि भद्रवाह के विभिन्न ऊपरी इलाकों में हवाई निगरानी के लिए ड्रोन और रॉकेट लॉन्चर के साथ राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों ने सुरक्षा अभियान चलाते हुए गश्त की। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों और पर्यटकों के बीच सुरक्षा के तहत विश्वास बहाली के अलावा आतंकवादियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के मकसद से यह अभियान चलाया गया। मिनी कश्मीर के नाम से अपनी पहचान बनाने वाले भद्रवाह में कई पर्यटन स्थल हैं जो साल भर सैकड़ों पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

### झारखंड में भारी बारिश के कारण कुआं ढहने से दो छात्र मिट्टी में दबे

झारखंड के खूंटी जिले में भारी बारिश के कारण एक कुआं ढह जाने से दो स्कूली छात्र मिट्टी के नीचे दब गए। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि मुरहू थाना क्षेत्र के तहत मुरहू पंचायत में बुधवार को यह घटना तब हुई जब दोनों छात्र कुएं के नजदीक थे। खूंटी की उपायुक्त आर रॉनिटा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के एक दल को बचाव अभियान में तैनात किया गया है। बचाव अभियान बुधवार रात से ही जारी है लेकिन मिट्टी में दबे छात्रों का अभी पता नहीं चल पाया है। भारी बारिश के कारण खूंटी के तोरपा में बनाई नदी पर पुल का एक हिस्सा भी ढह गया है जिससे खूंटी-सिमडेगा सड़क मार्ग बाधित हो गया है। रॉनिटा ने बताया कि वहां मार्ग परिवर्तित किया गया है और एनडीआरएफ का दल भी भेजा गया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि रांची समेत कई जिलों में भारी बारिश के कारण जनजीवन बाधित हो गया है। भारी बारिश के मद्देनजर बृहस्पतिवार को रांची और खूंटी समेत कई जिलों में स्कूल बंद हैं। एनडीआरएफ अधिकारियों ने बताया कि इन जिलों में किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए दलों को सतर्क किया गया है।

# देश में अंग्रेजी बोलने वालों को जल्द आएगी शर्म :केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह


## ऐसे समाज का निर्माण दूर नहीं; हमारे देश की भाषाओं के बगैर हम भारतीय नहीं

**भाषा विवाद**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'मैं बूंद स्वयं, खुद सागर हूं' पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जब देश का कालखंड घनघोर अंधेरी रात्रि जैसा था, तब भी भक्ति साहित्य ने हमारे धर्म, स्वतंत्रता और संस्कृति के दीयों को जलाकर रखा था... साहित्य एक प्रकार से हमारे समाज की आत्मा है... आज हम सभी को देश में परिवर्तन दिख रहा है... मुझे विश्वास है कि 2047 तक यह यात्रा निश्चित रूप से हमारे सभी प्रकार के खोए हुए गौरव और समाज को वापस दिलाने का काम करेगी।

एजेंसी

नयी दिल्ली। भाषा विवाद के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक और मोर्चा खोलते हुए कहा कि देश में अंग्रेजी बोलने वालों को जल्द ही शर्म आएगी। एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में बोलते हुए गृह मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि देशी भाषाएं भारत की पहचान के लिए केंद्रीय हैं और उन्हें विदेशी भाषाओं पर वरीयता मिलनी चाहिए। शाह ने कहा कि इस देश में अंग्रेजी बोलने वालों को जल्द ही शर्म आने लगेगी - ऐसे समाज का निर्माण अब दूर नहीं है। मेरा मानना है कि हमारे देश की भाषाएं हमारी संस्कृति के रत्न हैं। अपनी भाषाओं के बिना हम सच्चे भारतीय नहीं रह सकते। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'मैं बूंद स्वयं, खुद सागर हूं' पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जब देश का कालखंड घनघोर अंधेरी रात्रि जैसा था, तब भी भक्ति साहित्य ने हमारे धर्म, स्वतंत्रता और संस्कृति के दीयों को जलाकर रखा था... साहित्य एक प्रकार से हमारे समाज की आत्मा है... आज हम सभी को देश में परिवर्तन दिख रहा है... मुझे विश्वास है कि 2047 तक यह यात्रा निश्चित रूप से हमारे सभी प्रकार के खोए हुए गौरव और समाज को वापस दिलाने का काम करेगी। उन्होंने भारत की भाषाई विरासत को पुनः प्राप्त करने के लिए पूरे देश में नए सिरे से प्रयास करने का आह्वान किया। शाह ने यह भी भविष्यवाणी की कि दुनिया भर में अंग्रेजी को औपनिवेशिक गुलामी के प्रतीक के रूप में देखा जाएगा। उन्होंने कहा, हमारे देश, हमारी संस्कृति, हमारे इतिहास और हमारे धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती। अधूरी विदेशी भाषाओं के माध्यम से संपूर्ण भारत की कल्पना नहीं की जा सकती।



### शाह बोले- 2047 तक हम दुनिया में टॉप पर होंगे

अमृत काल के लिए पीएम मोदी ने पंच प्रण की नींव रखी है। पांच प्रतिज्ञाएं 130 करोड़ लोगों का संकल्प बन गई हैं। यही कारण है कि 2047 तक हम टॉप पर होंगे और हमारी भाषाएं इस यात्रा में प्रमुख भूमिका निभाएंगी। शाह ने कहा कि इन पांच प्रतिज्ञाओं में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना, गुलामी के हर निशान से छुटकारा पाना, अपनी विरासत पर गर्व करना, एकता और एकजुटता के लिए प्रतिबद्ध रहना और हर नागरिक में कर्तव्य की भावना जगाना शामिल है।

### प्रशासनिक अधिकारियों की ट्रेनिंग में बदलाव की जरूरत

शाह ने कहा कि देश में प्रशासनिक अधिकारियों की ट्रेनिंग में कुछ बदलाव की जरूरत है। उन्हें शायद ही हमारी व्यवस्था में सहानुभूति लाने के लिए ट्रेंड किया जाता है। ऐसा शायद इसलिए क्योंकि अंग्रेजों के जमाने से इस ट्रेनिंग मॉडल की प्रेरणा मिली है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि अगर कोई शासक या प्रशासक बिना सहानुभूति के शासन करता है, तो वह शासन के वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर सकता।

# ईरान का इजरायल पर काउंटर अटैक

## तेल अवीव समेत कई शहरों में दागी मिसाइल, 1000 वेड वाला हॉस्पिटल भी ध्वस्त

इजरायली मीडिया ने मिसाइल हमले के कारण क्षतिग्रस्त हुई खिड़कियों और इलाके से उठते घने काले धुएं के फुटेज प्रसारित किए। ईरान ने तेल अवीव में एक ऊंची अपार्टमेंट इमारत और मध्य इजराइल में अन्य जगहों पर हमले किए।



एजेंसी

नयी दिल्ली। ईरान की एक मिसाइल बृहस्पतिवार तड़के दक्षिणी इजराइल के मुख्य अस्पताल पर गिरी जिससे कई लोग घायल हो गए और व्यापक पैमाने पर क्षति हुई। अस्पताल ने यह जानकारी दी। इजरायली मीडिया ने मिसाइल हमले के कारण क्षतिग्रस्त हुई खिड़कियों और इलाके से उठते घने काले धुएं के फुटेज प्रसारित किए। ईरान ने तेल अवीव में एक ऊंची अपार्टमेंट इमारत और मध्य इजराइल में अन्य जगहों पर हमले किए। इजरायल की मैगन डेविड एडम बचाव सेवा के अनुसार, इन हमलों में कम से कम 40 लोग घायल हुए हैं। इस बीच इजरायल ने ईरान के अराक भारी जल रिएक्टर पर हमला किया। ईरान के विशाल परमाणु कार्यक्रम पर यह हमला संघर्ष के सातवें दिन किया गया। इजराइल ने सात दिन पहले ईरान के सैन्य स्थलों, वरिष्ठ अधिकारियों और परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाकर अचानक हमले किए जिससे यह संघर्ष शुरू हो गया। ईरान ने इजरायल पर सैकड़ों मिसाइल और ड्रोन दागे लेकिन अधिकतर को इजरायल की बहु-स्तरीय वायु रक्षा प्रणाली ने मार गिराया। ईरानी मिसाइल ने सोरोका मेडिकल सेंटर को निशाना बनाया जो इजरायल के दक्षिण में स्थित मुख्य अस्पताल है। अस्पताल की वेबसाइट के अनुसार, इस अस्पताल में 1,000 से अधिक बिस्तर हैं और यह इजरायल के दक्षिण के लगभग 10 लाख निवासियों को सेवाएं प्रदान करता है। बयान में कहा गया है कि चिकित्सा केंद्र के कई हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए हैं और आपातकालीन कक्ष में मामूली रूप से घायल कई लोगों का इलाज किया जा रहा है।

### अस्पताल को ईरान ने बनाया निशाना तो इजरायली रक्षा मंत्री ने दी खुली धमकी, कहा- अब और नहीं रहेगा खामेनेई का वजूद

बीरशेबा। इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने गुरुवार को कहा कि ईरान के नवीनतम मिसाइल हमलों के बाद उसके सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई का वजूद अब और नहीं रहेगा। काट्ज का यह बयान ऐसे समय में आया है जब ईरान ने इजरायल के दक्षिण में स्थित मुख्य अस्पताल पर मिसाइलों से सीधा हमला किया जिसमें कम से कम 40 लोग घायल हो गए। इजरायल के रक्षा मंत्री ने कहा, खामेनेई जैसा तानाशाह, जो ईरान जैसे देश का मुखिया है और जिसने इजरायल के विनाश को अपना मिशन बना लिया है, अब उसका वजूद और नहीं रहेगा। उन्होंने कहा, इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) को निर्देश दिए गए हैं और वे जानते हैं कि अपने सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए, इस आदमी को बिल्कुल भी अस्तित्व में नहीं रहना चाहिए।

**176 घायल; इजराइली हमले में 639 ईरानियों की मौत**

# आज फिर दो फ्लाइट की हुई इमरजेंसी लैंडिंग

## लेह जा रहे इंडिगो विमान की दिल्ली वापसी; हैदराबाद-तिरुपति स्पाइसजेट उड़ान भी 10 मिनट बाद लौटी

ताजा मामला हैदराबाद का है। जब तिरुपति के लिए रवाना होने वाला स्पाइसजेट का विमान बृहस्पतिवार को उड़ान भरने के कुछ समय बाद ही किसी खराबी के कारण यहां हवाईअड्डे पर लौट आया।



एजेंसी

नई दिल्ली , दिल्ली से लेह जा रही इंडिगो फ्लाइट 6ई 2006 तकनीकी खराबी के कारण गुरुवार सुबह वापस दिल्ली लौट आई। फ्लाइट में क्रू मेंबर्स सहित 180 लोग सवार थे। इसके अलावा स्पाइसजेट फ्लाइट एसजी 2696 भी उड़ान भरने के 10 मिनट बाद वापस लौट गई। ये फ्लाइट हैदराबाद से तिरुपति जा रही थी। फ्लाइट में कुल 80 यात्री सवार थे। एयरलाइंस ने बताया कि, टेकऑफ के बाद पायलट को संकेत मिला कि विमान के पिछले दरवाजे में कुछ दिक्कत है। जिसके बाद फ्लाइट वापस एयरपोर्ट आ गई।

### 18 जून: एअर इंडिया की तीन फ्लाइट जो वापस लौटीं

दिल्ली से बाली जा रही फ्लाइट अक2145 बीच रास्ते से ही दिल्ली लौटी। एयरलाइन ने बताया यह फैसला बाली एयरपोर्ट के पास ज्वालामुखी विस्फोट की खबरों के कारण यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया। टोरंटो से दिल्ली वाली फ्लाइट अक188 कैंसिल की गई। फ्लाइट में यात्री सवार हो चुके थे, उन्हें उतारा गया। कहा गया कि विमान के मेंटेनेंस और क्रू के फ्लाइट ड्यूटी टाइम की लिमिटेशन के चलते इसे रद्द किया गया है।

# कैश केस : जांच पैनल का प्रस्ताव जस्टिस वर्मा को हटाएं

## 64 पेज की रिपोर्ट में कहा- स्टोर रूम पर जज और उनके परिवार का ही कंट्रोल था

पैनल के निष्कर्षों के अनुसार, प्रत्यक्षदर्शियों, वीडियो साक्ष्य और तस्वीरों ने जस्टिस वर्मा के आवास के एक स्टोररूम में भारी मात्रा में नकदी, ज्यादातर 500 रुपये के नोट, की मौजूदगी की पुष्टि की, जिनमें से कुछ आधे जले हुए दिखाई दिए। इसके बावजूद, न तो जज और न ही उनके परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और न ही वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों को सूचित

एजेंसी

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त जांच पैनल ने पाया है कि कई प्रत्यक्षदर्शियों ने जस्टिस यशवंत वर्मा के दिल्ली स्थित आवास के अंदर नोटों का एक बड़ा ढेर देखा था, लेकिन जज ने पुलिस या न्यायिक अधिकारियों को इस मामले की सूचना नहीं दी। पैनल ने उनके आचरण को अप्राकृतिक बताया और उन्हें इलाहाबाद उच्च न्यायालय से हटाने की सिफारिश की। पैनल के निष्कर्षों के अनुसार, प्रत्यक्षदर्शियों, वीडियो साक्ष्य और तस्वीरों ने जस्टिस वर्मा के आवास के एक स्टोररूम में भारी मात्रा में नकदी, ज्यादातर 500 रुपये के नोट, की मौजूदगी की पुष्टि की, जिनमें से कुछ आधे जले हुए दिखाई दिए। इसके बावजूद, न तो जज और न ही उनके परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और न ही वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों को सूचित किया। पैनल ने कहा कि जज का ज्ञान की कमी का दावा अविश्वसनीय है। अगर कोई साजिश थी, तो उन्होंने उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश या भारत के मुख्य न्यायाधीश को क्यों नहीं बताया पैनल ने 55 गवाहों से पूछताछ की, जिनमें जस्टिस वर्मा की बेटी दीया वर्मा भी शामिल थीं।



### पैनल की रिपोर्ट की बड़ी बातें

- 10 चश्मदीदों ने आधी जली हुई नकदी देखी, इनमें दिल्ली फायर सर्विस, पुलिस के अधिकारी थे। इन सभी ने जस्टिस वर्मा के घर के स्टोर रूम में जले हुए नोटों के ढेर देखे थे।
- इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य (स्टोर रूम के वीडियो-फोटो) चश्मदीदों के बयानों की पुष्टि करते हैं। घटनास्थल पर लिए गए वीडियो का जस्टिस वर्मा ने भी खंडन नहीं किया है।
- जस्टिस वर्मा के दो घरेलू कर्मचारियों राहिल/हनुमान पार्षद शर्मा और राजिंदर सिंह कार्की ने स्टोर रूम से जले हुए नोट निकाले थे। वायरल वीडियो से दोनों की आवाज मैच हुई है।

# पीएम मोदी ने राहुल गांधी को दी जन्मदिन की बधाई

## अखिलेश यादव समेत इन नेताओं ने भी दी - जन्मदिन की बधाई

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को कांग्रेस नेता और लेकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को उनके 55वें जन्मदिन पर बधाई दी। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, लोकसभा में विपक्ष के नेता श्री राहुल गांधी को जन्मदिन की बधाई। उनके दीर्घायु होने और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। सपा मुखिया ने अपने आधिकारिक एक्स खाते पर एक पोस्ट में अपने बधाई संदेश में कहा श्री राहुल गांधी जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई व सौहार्दपूर्ण, समावेशी, समायोजनकारी समग्र सामाजिक-राजनीतिक सक्रियता के लिए शुभकामनाएँ!



# एअर इंडिया ड्रीमलाइनर का ब्लैक बॉक्स भेजा जाएगा अमेरिका

## देश में डेटा रिकवरी मुमकिन नहीं; अहमदाबाद हादसे में 270 लोगों की मौत हो गई थी

तकनीकी रूप से दो अलग-अलग उपकरणों- कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) से युक्त फ्लाइट एआई171 के ब्लैक बॉक्स को विश्लेषण के लिए वाशिंगटन, डीसी में राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) मुख्यालय में भेजा जा सकता है।



एजेंसी

नयी दिल्ली। 12 जून को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर के ब्लैक बॉक्स को नुकसान पहुंचा है और आगे के डेटा निष्कर्षण के लिए इसे संयुक्त राज्य अमेरिका भेजने की आवश्यकता हो सकती है। अंतिम निर्णय भारत सरकार द्वारा लिया जाएगा। तकनीकी रूप से दो अलग-अलग उपकरणों- कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) से युक्त फ्लाइट एआई171 के ब्लैक बॉक्स को विश्लेषण के लिए वाशिंगटन, डीसी में राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) मुख्यालय में भेजा जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि यदि डेटा विदेश भेजा जाता है, तो भारतीय अधिकारी सभी प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उपकरण के साथ जाएंगे।

लंदन के गैटविक एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरने वाला यह विमान सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

# 4 राज्यों की 5 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव

## प.बंगाल के कालीगंज में 60% वोटिंग; पंजाब के लुधियाना में 41% मतदान

गुजरात और पंजाब में कांग्रेस, बीजेपी और आम आदमी पार्टी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है। बंगाल में कांग्रेस-लेफ्ट साथ मिलकर चुनाव लड़ रही हैं। वहीं, केरल में एक दूसरे के खिलाफ मैदान में हैं।

एजेंसी

देश के 4 राज्यों की 5 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए गुरुवार को वोटिंग जारी है। इनमें गुजरात की 2, पंजाब-केरल और पश्चिम बंगाल की एक-एक सीट शामिल हैं। दोपहर 3 बजे तक पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट पर सबसे ज्यादा 60.32% वोटिंग हुई। पंजाब की लुधियाना वेस्ट सीट पर सबसे कम 41.04% मतदान हुआ। केरल में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट , लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट समर्थक आपस में भिड़ गए। भाजपा विधायक करसनभाई पंजाबभाई सोलंकी का इसी साल फरवरी में निधन हो गया था, जिसके चलते ये सीट खाली हुई थी।



**निशाना** भारतीय कूटनीति को बड़ा झटका

# ट्रंप-मुनीर मुलाकात के बाद कांग्रेस ने मोदी सरकार पर साधा निशाना

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर को दोपहर के भोजन पर आमंत्रित करने के बाद सरकार पर हमला करते हुए कहा कि यह भारतीय कूटनीति के लिए एक ₹बड़ा झटका₹ है। कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि फील्ड मार्शल असीम मुनीर पाकिस्तान के राष्ट्राध्यक्ष या सरकार के प्रमुख नहीं हैं, बल्कि वे सेना प्रमुख हैं, फिर भी ट्रंप उन्हें दोपहर के भोजन के लिए आमंत्रित करते हैं और उनकी खूब प्रशंसा होती है। रमेश ने एक्स पर कहा कि यह वही व्यक्ति है जिसकी नृशंस और भड़काऊ टिप्पणी पहलगाम में हुए क्रूर आतंकवादी हमलों की पृष्ठभूमि बनी, जिसे उस सत्ता प्रतिष्ठान ने अंजाम दिया जिसकी वह अध्यक्षता करता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह भारतीय कूटनीति (और गले मिलने की भावना) के लिए एक बड़ा झटका है। कांग्रेस मोदी पर कटाक्ष करती रही है, अंतरराष्ट्रीय या द्विपक्षीय बैठकों के दौरान विदेशी राष्ट्राध्यक्षों से गले मिलने को गले मिलना कहती रही है। इस बीच, ट्रंप ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के दो बहुत ही चतुर नेताओं ने एक ऐसे युद्ध को जारी न रखने का फैसला किया जो परमाणु युद्ध में बदल सकता था, जो कि हफ़्तों में पहली बार हुआ है। उन्होंने दोनों पड़ोसी देशों के बीच शत्रुता को रोकने का श्रेय नहीं लिया। बुधवार को व्हाइट हाउस में मुनीर को दोपहर के भोजन के लिए आमंत्रित करने के बाद ओवल ऑफिस में मीडिया से बात करते हुए ट्रंप ने यह टिप्पणी की। ट्रंप ने यह भी कहा कि मुनीर से मिलकर उन्हें सम्मानित महसूस हुआ। जब उनसे पूछा गया कि क्या मुनीर के साथ उनकी बैठक में ईरान पर चर्चा हुई, तो ट्रंप ने कहा: ₹ठीक है, वे ईरान को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं, बाकी लोगों से बेहतर, और वे किसी भी चीज से खुश नहीं हैं। ऐसा नहीं है कि वे इजराइल के लिए बुरे हैं। वे दोनों को जानते हैं, वास्तव में, लेकिन वे शायद, शायद वे ईरान को बेहतर जानते हों, लेकिन वे देखते हैं कि क्या हो रहा है, और वे मुझसे सहमत थे।

खेड़ा ने सवालिया अदांज में कहा कि क्या हमारे प्रधानमंत्री की बात में अब इतना ही वजन रह गया है कि उन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति को अपनी बात समझाने में आधा घंटा लगा? उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान को एक तराजू में रखा गया, लेकिन सरकार चुप है। कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री का अपमान विपक्ष को तो बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है।



कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि फील्ड मार्शल असीम मुनीर पाकिस्तान के राष्ट्राध्यक्ष या सरकार के प्रमुख नहीं हैं, बल्कि वे सेना प्रमुख हैं, फिर भी ट्रंप उन्हें दोपहर के भोजन के लिए आमंत्रित करते हैं और उनकी खूब प्रशंसा होती है।

# असम में एक और राष्ट्रविरोधी गिरफ्तार, पहलगाम हमले के बाद से अब तक कुल 94 लोगों की गिरफ्तारी



सोशल मीडिया पर पाकिस्तान समर्थक और सांप्रदायिक पोस्ट साझा करने के आरोप में असम में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है और इसके साथ ही अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर राज्य में ऐसे मामलों में अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या 94 हो गई है।

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश के अंदर भी कई दुश्मन नकाप पहन कर छुपे रहते हैं जो समय समय पर देश के खिलाफ साजिश रचते हैं या साजिश रचने वालों को मदद करते हैं। ऐसे व्यक्तियों को देशद्रोही की संज्ञा दी जाती है। पहलगाम हमले के बाद ज्योति मल्होत्रा रहित कई जासूसों को गिरफ्तार किया गया। कथित तौर पर यह वह लोग थे जो भारत में बैठ कर पाकिस्तान की आईएसआई को भारत के खिलाफ साजिश रचने पर मदद करते थे। इसके अलावा कुछ ऐसे लोग है जि भारत में कुछ भी गतल होता है तो उसका जश्न मनाते हैं और सांप्रदायिक दंगे करवाते हैं। असम राज्य से अब तक सबसे ज्यादा गिरफ्तारियां ऐसे लोगों की हुई है। सोशल मीडिया पर पाकिस्तान समर्थक और सांप्रदायिक पोस्ट साझा करने के आरोप में असम में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है और इसके साथ ही अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर राज्य में ऐसे मामलों में अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या 94 हो गई है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने यह जानकारी दी। शर्मा ने बताया कि आरोपी पर लगातार नजर रखी जा रही थी और उसे नलबाड़ी से गिरफ्तार कर लिया गया।

## सम्पादकीय

# मोदी की ट्रंप से खरी बात, आतंकवाद को बेनकाब करना जरूरी

भारतीय प्रधानमंत्री ने एक जरूरी काम यह भी किया कि उन्होंने कनाडा से अमेरिका आ जाने के ट्रंप के प्रस्ताव को ठुकरा दिया। ऐसा करना इसलिए अनिवार्य था क्योंकि ट्रंप पाकिस्तान के जिहादी सोच और आतंक को खुला समर्थन देने वाले सेना प्रमुख आसिम मुनीर से मुलाकात की तैयारी कर रहे थे। यदि ट्रंप को अपने निजी स्वार्थों के चलते पाकिस्तान की हरकतें स्वीकार हैं तो वे उन्हें मुबारक। प्रधानमंत्री मोदी ने कनाडा में जी-7 देशों के शिखर सम्मेलन में इन देशों की आतंकवाद पर दोहरी नीति को उनके सम्मुख ही बेनकाब करने के साथ वहीं से अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से फोन पर लंबी वार्ता में जो कुछ कहा, उससे अमेरिका को यह समझ आ जाए तो बेहतर कि भारत कश्मीर अथवा अन्य किसी मामले में किसी के दबाव में आने वाला नहीं है। यह अपेक्षित ही नहीं, आवश्यक था कि भारतीय प्रधानमंत्री ट्रंप के इन दावों पर स्पष्ट रूप से कुछ कहते कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच कथित तौर पर संघर्षविराम कराया और इसके लिए उन्होंने दोनों देशों को व्यापार करने का प्रस्ताव रखकर सैन्य टकराव थामा। प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे कहा कि ऐसा कहीं कुछ नहीं था और भारत से इस संदर्भ में कोई बात ही नहीं हुई। इसका अर्थ है कि ट्रंप का बार-बार दोहराया जाने वाला दावा फर्जी है। मोदी ने दो टूक शब्दों में यह भी साफ किया कि भारत ने कश्मीर पर न तो कभी मध्यस्थता स्वीकार की है और न ही करेगा। ट्रंप को यह सब सुनना अच्छा तो नहीं लगा होगा, लेकिन उन्हें यह पता होना चाहिए कि जब भारत आर्थिक रूप से इतना सशक्त नहीं था और उसका आज जैसा अंतरराष्ट्रीय स्तर कद भी नहीं था, तब यदि उसने कश्मीर पर किसी तीसरे देश को बीच-बचाव करने का मौका नहीं दिया तो फिर आज ऐसा कैसे कर सकता है? यदि अमेरिकी राष्ट्रपति और उनके सहयोगी यह साधारण सी बात नहीं समझते तो इसके लिए वे अपने अलावा अन्य किसी को दोष नहीं दे सकते। आज इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अमेरिका का वह प्रभाव नहीं रहा, जो दो-तीन दशक पहले हुआ करता था। यह भी कटु सत्य है कि ट्रंप के फिर से राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिका की फजीहत ही अधिक हो रही है। बड़ी-बड़ी बातें करने के बावजूद ट्रंप न तो रूस-यूक्रेन युद्ध रोक सके और न ही अपनी मनमानी टैरिफ नीति पर कायम रह सके। यह सही है कि वे अपने ढंग के अनोखे राष्ट्रपति हैं और कई बार राजनयिक शिष्टाचार भी भुला देते हैं, पर इसका यह मतलब नहीं कि भारत उनके अनुचित दबाव में आ जाए। भारतीय प्रधानमंत्री ने एक जरूरी काम यह भी किया कि उन्होंने कनाडा से अमेरिका आ जाने के ट्रंप के प्रस्ताव को ठुकरा दिया। ऐसा करना इसलिए अनिवार्य था, क्योंकि ट्रंप पाकिस्तान के जिहादी सोच और आतंक को खुला समर्थन देने वाले सेना प्रमुख आसिम मुनीर से मुलाकात की तैयारी कर रहे थे।

## आज का विचार

जिंदगी मिली है तो कुछ करके दिखाओ
अगर वक्त बुरा है तो
वक्त बदल कर दिखाओ

भारत संवाद




**मेष राशि :** आज का दिन आपके लिए बहुत बढ़िया रहेगा. इस राशि के स्टूडेंट्स को आज किसी कंपनी से जॉब के लिए कॉल आ सकती है. साथ ही किसी नये कोर्स को ज्वॉइन करने के लिए आज का दिन शुभ है.

**वृष राशि:** आज आपका दिन खुशनुमा रहने वाला है. इस राशि के बिजनेसमैन आज किसी जरुरी काम से विदेश की यात्रा कर सकते हैं, यात्रा लाभदायक होगी। साथ ही जीवनसाथी की राय लेने से आपके बिजनेस को किसी बड़ी कंपनी से डील फाइनल करने में सफलता मिलेगी, जिससे घर में छोटी-सी पार्टी हो सकती है.

**मिथुन राशि:** आज आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे. अगर आज नये बिजनेस की शुरूआत करने की सोच रहें है तो आज का दिन आपके लिए शुभ है. आज किसी फ्रेंड से आपको सहयोग मिलेगा, जिससे आप कई दिनों से रुके कार्यों को पूरा कर लेंगे.

**कर्क राशि:** आज आपका दिन खास रहेगा. आज रास्ते में जाते समय आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से हो सकती है, जिसका फायदा आपको भविष्य में अवश्य मिलेगा. आज जीवनसाथी के साथ मिलकर घर के जरुरी कामों में हाथ बटा सकते हैं. जिससे आपके परिवार वालों को थोड़ा राहत महसूस होगा.

**सिंह राशि :** आज का दिन आपके अनुकूल रहेग. किसी काम को करने में आज आपके सामने कई बड़ी चुनौतियां आएंगी। जिसे आप धैर्य के साथ सॉल्व कर लेंगे. आज आपको अपनी कार्यशीलता के लिए सम्मानित किया जा सकता है. इस राशि के लोगों को आज के दिन कम्प्यूटर से रिलेटेड सामान खरीदना शुभ है.

**कन्या राशि:** आज पूराने विचारों को छोड़कर नए विचारों को अपनाएंगे. आपके इस विचार को देखकर परिवार का मन उत्साह से भर जाएगा. साथ ही आज घर पर अपना मनपसंद खाना खा सकते हैं. इस राशि के जो लोग अपने करियर की नई शुरूआत करने की सोच रहे है.

**तुला राशि:** आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा. बिजनेस में आपको फायदा मिलने वाला है. कहीं दिया हुआ पैसा आज वापस मिलेगा, जिससे आप अपनी जरूरत का सामान खरीदेंगे. आज आपका स्वास्थ्य पहले से बेहतर रहेगा.

**वृश्चिक राशि:** आज आपका दिन राहत से भरा रहेगा. आज आप ऐसे लोगों से मिलेंगे जो आपके बिजनेस में फायदा कराएंगे. आर्थिक स्थिति में आज सुधार आएगा. आज आपको अपने जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार सकारात्मक रखने की जरूरत है.

**धनु राशि:** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा. आज ऑफिस की तरफ से आप कोई बिजनेस मीटिंग के लिए जा सकते हैं. अपने मेल को एक बार अच्छे से चेक करके ही जाएं. साथ ही दोस्तों के साथ अच्छा समय बीतेगा. इस राशि के जो लोग बिजनेसमैन है, आज वो किसी बड़ी कंपनी से अपनी डील फाइनल कर सकते हैं, जिसका फायदा आपको भविष्य में होगा.

**मकर राशि:** आज आपका दिन अच्छा रहेगा. आज आप अपने संपर्क में आने वाले हर व्यक्ति के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करेंगे. मार्केटिंग से जुड़े लोगों को तरक्की के कई सुनहरे मौके मिलेंगे. किसी बड़े बुजुर्ग की मदद करने से आपको खुशी महसूस होगी.

**कुंभ राशि :** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा. आज माता-पिता के साथ किसी रिश्तेदार के घर जायेंगे जहां आपको काफी अच्छा लगेगा. आपको अपने दोस्तों और काम के बीच संतुलन बनाकर रखना होगा. जिससे आपको ज्यादा से ज्यादा काम करने का समय मिल सके.


**मीन राशि:** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा. संचार सेवा और इंटरनेट से जुड़े लोगों के लिए भी आज का दिन अच्छा रहेगा. किसी विदेशी कंपनी से जॉब के लिए कॉल आ सकता है. इस राशि के बिजनेसमैन अपने जरूरी कागजों को संभालकर रखें साथ ही कागजी कार्यवाही में सावधानी रखें.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# आत्मचिंतन की मांग करता उत्तराखंड, एसओपी के उल्लंघन ने केदारनाथ यात्रा को बनाया असुरक्षित

> **हेलीकाप्टर आपरेटरों वीआइपी यात्रियों और तीर्थयात्रियों के दबाव के चलते हेलीकाप्टर सेवा संचालन में आवश्यक एसओपी के उल्लंघन ने इस सेवा को असुरक्षित बना दिया है। यह स्थिति गहन आत्मचिंतन की मांग करती है। सुरक्षित और टिकाऊ यात्रा के लिए बहुआयामी उपायों की आवश्यकता है। सबसे आवश्यक है एक उच्च गुणवत्ता और बड़ी क्षमता वाला रोपवे सिस्टम जैसा स्विट्जरलैंड में है।**

पा केदारनाथ यात्रा भारत की पवित्र तीर्थयात्राओं में से एक है। इसकी जड़ें सैकड़ों वर्षों पुरानी हैं और आदिगुरु शंकराचार्य के समय तक जाती हैं। यह केवल एक भौतिक यात्रा नहीं, बल्कि श्रद्धा और तप से भरी आध्यात्मिक यात्रा है। पिछले दस वर्षों में इस यात्रा का स्वरूप पूरी तरह बदल गया है। 2013 की भीषण बाढ़ और उसके बाद हुए पुनर्निर्माण एवं प्रधानमंत्री की यात्रा के बाद केदारनाथ में तीर्थयात्रियों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। 1990 के प्रारंभ में जहां प्रतिदिन औसतन केवल 2,500 श्रद्धालु दर्शन के लिए आते थे, वहीं आज यह संख्या 30,000 से अधिक हो चुकी है। प्रतिवर्ष 20 लाख से भी अधिक यात्री हर सीजन में केदारनाथ यात्रा करते हैं। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की केदारनाथ जी में आस्था जहां सुखद अनुभूति है, वहीं व्यवस्था और पर्यावरण की दृष्टि से एक चुनौती भी। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ संवेदनशील हिमालयी वातावरण और पहाड़ों की भारवाहक क्षमता पर दबाव डाल रही है। जब विषय आस्था और भावना से जुड़ा हो, तब भीड़ रोकने के नियमों का पालन कराना कठिन हो जाता है। दुर्भाग्यवश अब यह यात्रा कुछ लोगों के लिए स्टेटस सिंबल बन गई है। 2013 की त्रासदी के बाद भूगर्भीय बदलावों से पैदल मार्ग को 14 किमी से बढ़ाकर 19 किमी करना पड़ा। अब यह मार्ग और कठिन हो गया है, विशेषकर बुजुर्गों के लिए। अब पैदल मार्ग पर घोड़े भी चलते हैं, जो यात्रा को असुरक्षित बना रहे हैं। राहत के रूप में शुरू की गई हेलीकाप्टर सेवा भी आज सुविधा के साथ एक चुनौती बन गई है। ये उड़ानें ध्वनि प्रदूषण करती हैं, जीवाश्म ईंधन जलाती हैं और पर्वतीय जलवायु को क्षति पहुंचाती हैं। हेलीकाप्टर से लोग अल्प समय में गंतव्य तक पहुंच जाते हैं, जहां तापमान, हवा का दबाव और आक्सीजन भी कम होती है। इससे व्यक्ति खुद को मौसम के अनुकूल नहीं ढाल पाता, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी पैदा होती हैं। उत्तराखंड सिविल एविएशन डेवलपमेंट अथारिटी हेलीकाप्टर सेवा का संचालन करती है। यात्रियों के टिकट का मूल्य 7,000 से भी कम रखा है, जो आज किफायती ही कहा जा सकता है, क्योंकि इतने में तो कभी-कभी घोड़े भी नहीं मिलते। इससे हेलीकाप्टर टिकट प्राप्त करना एक चुनौती बन गया है। लंबी कतारें, टिकटों की कालाबाजारी, फर्जी वेबसाइटों के जाल में फंसना आम है। जब मौसम पूरा दिन साफ रहे, तब भी अधिकतम 2,000 यात्री ही प्रतिदिन हेलीकाप्टर से यात्रा कर सकते हैं, लेकिन टिकटों की मांग 10,000 से भी अधिक होती है।



इससे वीआइपी सिफारिशों का प्रशासन पर दबाव बना रहता है। इस क्षेत्र में मौसम अत्यंत अनिश्चित होता है। कभी-कभी तो कुछ ही मिनटों में दृश्यता (विजिबिलिटी) शून्य तक पहुंच सकती है, जिससे सुरक्षित लैंडिंग कठिन हो जाती है। ऐसे में सुरक्षा मानकों की अवहेलना कर उड़ान भरने का दबाव पायलटों और प्रशासन पर बना रहता है। अगर मानक संचालन प्रक्रियाओं(एसओपी) को सख्ती से लागू किया जाए, तो दुर्घटनाओं की आशंका घट सकती है, पर इससे उड़ानों की संख्या घटेगी, जो व्यावसायिक रूप से हेलीकाप्टर संचालकों के लिए अनुकूल नहीं। श्रद्धालुओं में भी असंतोष बढ़ता है और वे खराब मौसम में भी हेलीकाप्टर संचालन की मांग करते हैं। इन कारणों से हेलीकाप्टर आवश्यकता से अधिक चक्कर लगाते हैं, जिससे उनके रखरखाव की उपेक्षा होती है और तकनीशियनों पर सीमित समय में उनकी सर्विसिंग का दबाव होता है, ताकि अधिक उड़ानों की अव्यावहारिक मांग पूरी की जा सके। खराब मौसम, कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और समय के दबाव में कभी-कभी तकनीकी त्रुटि हो जाती है, जो जानलेवा साबित होती है। इसी 15 जून को केदारनाथ से गुप्तकाशी जा रहा हेलीकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें पायलट और एक बच्चे सहित सात तीर्थयात्रियों की मृत्यु हो गई। खराब मौसम और दृश्यता की कमी इस दुर्घटना के मुख्य कारण रहे। पायलट ने निर्धारित समय से पहले उड़ान भरी और प्रतिकूल मौसम के बावजूद उड़ान जारी रखी। यह इस वर्ष की चारधाम यात्रा की पांचवीं हेलीकाप्टर दुर्घटना थी। हेलीकाप्टर आपरेटरों, वीआइपी यात्रियों और तीर्थयात्रियों के दबाव के चलते हेलीकाप्टर सेवा संचालन में आवश्यक एसओपी के उल्लंघन ने इस सेवा को असुरक्षित बना दिया है। यह स्थिति गहन आत्मचिंतन की मांग करती है। सुरक्षित और टिकाऊ यात्रा के लिए बहुआयामी उपायों की आवश्यकता है। सबसे आवश्यक है एक उच्च गुणवत्ता और बड़ी क्षमता वाला रोपवे सिस्टम, जैसा स्विट्जरलैंड में है। यह घोड़ों और हेलीकाप्टर यात्रा, दोनों का एक सुरक्षित विकल्प हो सकता है। यह पर्यावरण हितैषी भी होगा। इसके अस्तित्व में आने पर घोड़ा संचालकों के लिए समुचित पुनर्वास योजना बनाई जानी चाहिए। मौसम-आधारित उड़ान प्रतिबंध अनिवार्य किए जाने चाहिए। सभी हेलीपैड्स पर रीयल-टाइम मौसम निगरानी प्रणाली होनी चाहिए। पायलटों को पर्वतीय उड़ान का विशेष प्रशिक्षण दिया जाए और उनके ड्यूटी घंटे नियंत्रित किए जाएं। हेलीपैड्स को तकनीकी रूप से उन्नत किया जाए और केवल दोहरे-इंजन, उच्च रखरखाव वाले हेलीकाप्टरों को ही अनुमति दी जानी चाहिए। सभी हेली सेवाओं के लिए एटीसी की तरह एक केंद्रीकृत कमांड सेंटर स्थापित किया जाना चाहिए। इसके साथ एसओपी तथा सुरक्षा सलाह को व्यापक रूप से प्रचारित एवं लागू किया जाने की भी आवश्यकता है। ऐसा ही कुछ देश के अन्य पर्वतीय स्थलों में भी किया जाना चाहिए और विशेष रूप से वहां, जहां हेलीकाप्टर सेवाएं शुरू कर दी गई हैं। इस हादसे से हमें चेत जाना चाहिए। केदारनाथ मात्र एक गंतव्य स्थल नहीं, बल्कि भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक है। भीड़भाड़, वाहनों के अत्यधिक दबाव और व्यावसायीकरण ने इस पवित्र धाम के आत्मा को खतरे में डाल दिया है। असुरक्षित हवाई यात्रा, पर्यावरणीय क्षरण और अव्यवस्था से उपजी चिंताएं प्रशासन, श्रद्धालुओं, हेली सेवा प्रदाताओं और समाज, सभी से गहन एवं ईमानदार आत्मविश्लेषण की मांग करती हैं।

# प्लास्टिक प्रदूषण एक ऐसा संकट है, जो धीरे-धीरे पृथ्वी को अपनी चपेट में ले रहा है

**विजय गर्ग**



प्रदूषण आज दुनिया के लिए बड़ी समस्या बन चुका है। इसमें प्लास्टिक प्रदूषण एक ऐसा संकट है, जो धीरे-धीरे पृथ्वी को अपनी चपेट में ले रहा है। यह प्रदूषण हमारी नदियों, समुद्रों, मिट्टी और यहां तक कि हमारे शरीर में भी प्रवेश कर चुका है। प्लास्टिक, जो कभी सुविधा और टिकाऊपन के कारण एक क्रांतिकारी आविष्कार माना जाता था, आज हमारे पर्यावरण के लिए एक गंभीर खतरा बन गया है। सुबह जब हमारी आंख खुलती है, तो समय पर पर घंटी बजाने वाली घड़ी से लेकर टूथब्रश, पानी की टंकी से लेकर दूध की थैली तक, हर वस्तु में प्लास्टिक मौजूद है। हमारे भोजन को रखने वाली पैकिंग, दवाइयों की सुरक्षित बोतलें, बच्चों के रंग-बिरंगे खिलौने, जीवनरक्षक चिकित्सा उपकरण, संचार के साधन, परिवहन के कलपुर्जे और फैशन की दुनिया, कोई भी क्षेत्र प्लास्टिक के प्रभाव से प्रभाव से अछूता नहीं है।

निस्संदेह प्लास्टिक ने हमारे जीवन को सुगम बनाया, उत्पादों को सस्ता किया और कई मायनों में सुरक्षित भी, लेकिन इस सुविधा की कीमत हम एक ऐसे भविष्य के रूप चुका रहे हैं, जो प्लास्टिक के कचरे के नीचे दबता जा रहा है। इसका उत्पादन इतनी तीव्र गति से और इतने बड़े पैमाने पर बढ़ा है कि हमने इसके अंधाधुंध उपयोग के दूरगामी परिणामों पर कभी गंभीरता से विचार ही नहीं किया और अब यह हमारे पर्यावरण के लिए एक ऐसा नासूर बन गया है, जिसका इलाज यदि समय रहते नहीं किया गया तो यह हमारी पृथ्वी के स्वास्थ्य को सदा के लिए नष्ट कर देगा।

वैश्विक स्तर पर हर साल करोड़ों टन प्लास्टिक का उत्पादन होता है और अनुमान है कि अब तक उत्पादित कुल प्लास्टिक का एक बड़ा हिस्सा कचरे के रूप में हमारे पर्यावरण में मौजूद है भारत जैसे विकासशील देश में प्रति व्यक्ति प्लास्टिक खपत विकसित देशों की तुलना में भले ही कम हो, लेकिन हमारी विशाल जनसंख्या और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के कारण उत्पन्न प्लास्टिक कचरे की कुल मात्रा बहुत अधिक है। नदियां, जो कभी जीवनदायिनी मानी जाती थीं, आज प्लास्टिक की थैलियों, बोतलों और अन्य कचरे से पटी पड़ी हैं। गंगा और यमुना जैसी नदियां भी इससे अछूती नहीं हैं, जो अपने साथ भारी मात्रा में प्लास्टिक बहा कर समुद्र तक ले जाती हैं। हमारे महासागर आज प्लास्टिक प्रदूषण के सबसे बड़े शिकार बन चुके हैं। एक अनुमान के मुताबिक, प्रति मिनट एक ट्रक भर प्लास्टिक कचरा समुद्रों में डाला जाता है। यह समुद्री जीवन के लिए मौत का एक जाल है। व्हेल और डाल्फिन जैसे बड़े जीव अक्सर मछली पकड़ने के पुराने जालों में फंस कर दम तोड़ देते हैं। समुद्री कछुए प्लास्टिक की थैलियों को जेलीफिश समझ कर निगल लेते जिससे उनका पाचन तंत्र अवरुद्ध हो जाता है और वे भूख से मर जाते हैं। समुद्री पक्षी अपने बच्चों को गलती से प्लास्टिक के छोटे टुकड़े खिला देते हैं, जो उनके पेट में जमा होकर उनकी मृत्यु का कारण बनते हैं। प्रवाल भित्तियां, जो समुद्री जैव विविधता के महत्त्वपूर्ण केंद्र हैं, वे प्लास्टिक कचरे से ढक कर और दम घुटने से नष्ट हो रही हैं। माइक्रोप्लास्टिक समुद्री खाद्य श्रृंखला में प्रवेश कर चुके हैं। छोटे समुद्री जीव प्लवक आदि प्लास्टिक के इन सूक्ष्म कणों को खाते हैं, फिर उन्हें छोटी मछलियां खाती हैं और फिर बड़ी मछलियां जब मनुष्य इन समुद्री जीवों का सेवन करते हैं, तो ये उपजाऊपन

हानिकारक तत्त्व शरीर में भी पहुंच जाते हैं। प्लास्टिक प्रदूषण हमारी मिट्टी की गुणवत्ता को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। प्लास्टिक के टुकड़े मिट्टी की संरचना को बदलते हैं, जल सोखने की उसकी क्षमता को कम करते हैं और मिट्टी में रहने वाले लाभकारी सूक्ष्मजीवों की गतिविधियों में बाधा डालते हैं। इससे मिट्टी का ऊपन कम होता और कृषि पैदाव पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जिस जगह शहर का कचरा इकट्ठा किया जाता है, वह प्लास्टिक से भरी होती हैं। यहां हैं। यहां प्लास्टिक कचरे से रिसने वाले जहरीले रसायन भूजल में मिल कर उसे दूषित करते हैं, जिससे जलजनित बीमारियां फैलने का खतरा रहता है। कूड़े के इस में अर अक्सर आग लग जाती है। इस दौरान प्लास्टिक जलने पर अत्यंत विषैली गैसें वायुमंडल में फैलती हैं, जो गंभीर श्वसन समस्याओं, त्वचा रोगों और यहां तक कि कैंसर का कारण बन सकती हैं।

इसके अलावा प्लास्टिक कचरे से शहरों की नालियां जाम हो जाती हैं, जिससे थोड़ी सी बारिश में भी जलभराव और बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो जाती है। आवारा पशु भोजन की तलाश में कूड़े के ढेर में मुंह मारते हैं और खाद्य सामग्री के साथ पालीथिन भी निगल जाते हैं, जो उनकी मौत कारण बनता है। राष्ट्रीय उद्यानों और यारण्यों के आसपास के क्षेत्रों में वन्यजीवों द्वारा प्लास्टिक खाने उसमें फंसने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। हवा में भी माइक्रोप्लास्टिक और नैनोप्लास्टिक कण पाए गए हैं। जब हम सांस हैं, तो ये कण फेफड़ों में में प्रवेश कर सकते हैं। इससे स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों पर अभी शोध जारी है। प्लास्टिक उत्पादन की प्रक्रिया में भी ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन होता है, जो जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा है। हमारे समाज में गहरी जड़ें जमा ली हैं। पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता आज बहुत महत्त्वपूर्ण हो ग हो गई है। है। पर्यावरण केवल पेड़-पौधे, नदी-पहाड़ या जीव-जंतुओं का समूह नहीं है, बल्कि यह एक जटिल और संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र है, पृथ्वी पर जीवन को संभव बनाता जब हम प्लास्टिक जैसे प्रदूषकों से इस संतुलन को बिगाड़ते हैं, तो इसके दूरगामी परिणाम होते हैं। इसलिए यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम संतुलित पर्यावरण की धरोहर को आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखें। यदि हम दृढ़ निश्चय और सामूहिक प्रयास करें तो निश्चित रूप से इस समस्या पर काबू पा सकते हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य : ट्रंप के कनाडा से लौटने का सबब?

**संजीव ठाकुर**

इजरायल ईरान युद्ध के महत्वपूर्ण समय में फ्रांस में जी7 समिट आहूत किया गया है, इसी दौरान जी7 सम्मेलन के बीच से लौटे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अब सीजफायर नहीं अब अंतिम फायर ही होगा। उन्होंने अपने बयान में कहा कि इजरायल-ईरान संघर्ष का असली समाधान चाहते हैं।

## ईरान आतंकवाद का स्रोत?

इंटरनेशनल न्यूज एजेंसी सीएनएन के अनुसार कनाडा में जी7 शिखर सम्मेलन की शुरूआत से पहले दुनिया की साथ बड़ी आर्थिक ताकतों ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध को लेकर साझा बयान जारी किया है इन सब नेताओं ने पश्चिम एशिया में शांति की स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने कहा कि ईरान आतंकवाद का बड़ा स्रोत भी है। ईरान लगातार इसराइल तथा अन्य देशों के विरुद्ध आतंकवाद का छद्म युद्ध लड़ रहा है, ईरान ने नेपथ्य में रहकर औरहिजबुल,हूती विद्रोहियों और हमास को लगातार फंडिंग तथा अस्त्र-शास्त्र उपलब्ध कराता रहा है जिसके कारण इजरायल में लगातार हमले हुए। समिट में 7 देशों ने संयुक्त बयान में कहा है कि इसराइल को आत्मरक्षा का पूरा अधिकार है सभी सात देशों ने इसराइल को अपना पूर्ण समर्थन प्रस्तावित किया है इसके साथ ही उन्होंने अपनी प्रतिबद्धता पश्चिम एशिया शांति स्थिरता के लिए एक स्वर में जताई है। उधर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा की ईरान के लोगों को तेहरान खाली कर देना चाहिए। किन्हीं भी परिस्थितियों में ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं होने चाहिए ईरान को अंतिम चेतावनी दी जाती है कि वह समझौता कर लें अन्यथा स्थिति बद से बदतर हो जाएगी। ईरान को समझौता करने में शर्म कैसी युद्ध से लोगों की जानें जा रही है, यदि समझौता नहीं करता है तो ईरान को पूरी तरह नष्ट कर दिया जाएगा। ऐसा अनुमान लगाया जाता है कि डोनाल्ड ट्रंप जी7 सम्मति से कनाडा से अचानक लौटे हैं तो वह युद्ध की तैयारी एवं इसराइल को पूर्ण समर्थन देने के लिए ही अमेरिका लौट कर आए हैं।

## ईरान ने जी7 में इसकी अनदेखी का आरोप लगाया।

ईरान ने जी7 देश पर अपने देश की अनदेखी का आरोप लगाया ईरान के विदेश मंत्रालय के अनुसार जी7 नेताओं के बयान में ईरान के खिलाफ इजरायल की आक्रामक नीति का समर्थन कर ईरान देश की अनदेखी की गई है। ईरान के विदेशी प्रवक्ता ने आरोप लगाया है कि हमारे शांतिपूर्ण परमाणु बुनियादी ढांचे पर गैर कानूनी हमले के साथ-साथ आवासीय क्षेत्र तथा नागरिकों की जगन्य हत्या को पूर्णता नजर अंदाज कर दिया गया है। यह ईरान के साथ ना इंसाफी है। ईरान ने आगे कहा है कि हमने पर परमाणु हथियार बनाने की बात से इनकार किया है। उनके अनुसार परमाणु अप्रसार संधि के एक पक्ष के रूप में उन्होंने परमाणु संवर्धन किया है। उन्हें भी अन्य देशों की तरह बम बनाने का पूर्ण अधिकार है। लेकिन इजरायल अमेरिका का मानना है कि संपूर्ण पश्चिम एशिया का ईरान एकमात्र ऐसा देश है जिसके पास परमाणु हथियार मौजूद है ईरान ने पहले से परमाणु बम बना कर रखा है और पश्चिम एशिया में इजरायल अमेरिका के खिलाफ परमाणु बम का उपयोग कर भारी शांति और मानवता के लिए खतरनाक स्थिति पैदा कर सकता है। उल्लेखनीय है कि फ्रांस में आयोजित जी7 समिट में फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रो ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी आमंत्रित किया है भारत एक शांति दूत की तरह कार्य करता है। भारत के पास परमाणु बम होने के बावजूद उसने कभी परमाणु बम उपयोग की धमकी या बात नहीं कही है।

# ठाणे में लोकल ट्रेन दुर्घटना में घायल हुए यात्री की मौत, मृतकों की संख्या पांच हुई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पाटिल ने कहा कि अन्य घायलों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। पुलिस के अनुसार, नौ जून को सुबह के समय दिवा-मुंब्रा स्टेशनों के बीच भीड़भाड़ वाली लोकल ट्रेन से गिरने से चार यात्रियों की मौत हो गई थी और नौ अन्य घायल हो गए थे। ठाणे जिले के मुंब्रा स्टेशन के पास नौ जून को हुई उपनगरीय ट्रेन दुर्घटना में घायल एक यात्री की बृहस्पतिवार को एक निजी अस्पताल में मौत होने के बाद इस हादसे में मृतकों की कुल संख्या बढ़कर पांच हो गई। ठाणे के तहसीलदार उमेश पाटिल ने कहा कि घायल यात्री अनिल मोरे (51) का निजी अस्पताल में इलाज किया जा रहा था और आज पूर्वाह्न करीब 11 बजे उनकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि एक अन्य घायल यात्री शिवा गवली (40) का अब भी इलाज किया जा रहा है और वह वेंटिलेटर



सपोर्ट पर हैं।पाटिल ने कहा कि अन्य घायलों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। पुलिस के अनुसार, नौ जून को सुबह के समय दिवा-मुंब्रा स्टेशनों के बीच भीड़भाड़ वाली लोकल ट्रेन से गिरने से चार यात्रियों की मौत हो गई थी और नौ अन्य घायल हो गए थे।

# मुंबई में नम आंखों के साथ एयर इंडिया 171 के को-पायलट क्लाइव कुंदर को दी गई अंतिम विदाई

**गुजरात के अहमदाबाद में 12 जून को प्लेन क्रैश के दुखद हादसे के सातवें दिन विमान के को-पायलट क्लाइव कुंदर को अंतिम विदाई दी गई। कुंदर का सेवरी क्रिश्चियन सेमेटरी में दफनाया गया। इससे पहले उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। क्लाइव को अंतिम विदाई देने के लिए काफी संख्या में लोग पहुंचे।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे में मारे गए सह-पायलट क्लाइव कुंदर के पार्थिव शरीर को गुरुवार को मुंबई लाया गया। कैप्टन कुंदर के अवशेषों को फिर गोरेगांव पश्चिम में उनके परिवार के पास ले जाया गया। वहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर क्लाइव कुंदर के परिवार और उनके परिचितों के साथ काफी लोग मौजूद रहे। सभी ने कैप्टन को आखिरी विदाई दी। अहमदाबाद में 12 जून को क्रैश हुई एयर इंडिया की उड़ान में 242 यात्री सवार थे। विमान सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। एयर इंडिया के मुख्य कैप्टन सुमीत सभरवाल और पहले अधिकारी क्लाइव कुंदर थे।अपने परिवार के साथ रहे थे क्लाइवकैप्टन क्लाइव कुंदर मुंबई में अपने बुजुर्ग माता-पिता और छोटी बहन के साथ रहते थे। उनके पार्थिव शरीर को उनके घर पर रखा गया था, ताकि दोस्त और परिवार वाले उन्हें श्रद्धांजलि दे सकें। इसके बाद उन्हें सेवरी क्रिश्चियन कब्रिस्तान में अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। क्लाइव कुंदर एयर इंडिया की उड़ान 171 में सवार 12 केबिन क्रू सदस्यों में से एक थे। यह विमान लंदन जा रहा था। ऊॠउअ ने बताया था विमान को कैप्टन सुमित सभरवाल और फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर उड़ा रहे थे। क्लाइव के दोस्त अब भी यकीन नहीं कर पा रहे हैं कि वे अब इस दुनिया में नहीं हैं। क्लाइव का परिवार पहले मुंबई के सांताक्रूज में जेरोम अपार्टमेंट में रहता था। इसके बाद वह बोरीवली और फिर गोरेगांव में रहने लगे थे। क्लाइव को क्रिकेट खेलना बहुत पसंद था।

### 1,100 घंटे का था अनुभव

कैप्टन सुमित सभरवाल को 8,200 घंटे का अनुभव था जबकि कुंदर को 1,100 घंटे का अनुभव था। डीजीसीए के अनुसार विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से कुछ सेकंड पहले कैप्टन सभरवाल ने अहमदाबाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल को श्टंट८ि२ का डिस्ट्रेस कॉल किया था। टंट८ि का मतलब है कि उन्हें तुरंत मदद चाहिए। इसके बाद विमान बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल से टकरा गया। इस हादसे में 270 लोगों की जान चली गई।

फास्ट ट्रैक

# दुरंतो एक्सप्रेस का टर्मिनल नई दिल्ली स्टेशन से बदलकर हजरत निजामुद्दीन किया गया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, ट्रेन संख्या 22209/22210 मुंबई सेंट्रल-नई दिल्ली दुरंतो एक्सप्रेस के टर्मिनल को नई दिल्ली स्टेशन से हजरत निजामुद्दीन स्टेशन पर स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस परिवर्तन का विवरण निम्नानुसार हैः ट्रेन संख्या 22209 मुंबई सेंट्रल-नई दिल्ली दुरंतो एक्सप्रेस 18 अगस्त 2025 से मुंबई सेंट्रल से प्रस्थान करने वाली सेवा से, नई दिल्ली के बजाय हजरत निजामुद्दीन पर टर्मिनेट होगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 22210 नई दिल्ली-मुंबई सेंट्रल दुरंतो एक्सप्रेस 19 अगस्त, 2025 से नई दिल्ली के बजाय 22.20 बजे हजरत निजामुद्दीन से प्रस्थान करेगी।उपर्युक्त ट्रेन के समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# मध्य रेल के मुंबई मंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 3.43 मिलियन टन (एमटी) का उल्लेखनीय माल लदान हासिल किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल के मुंबई मंडल ने अप्रैल से मई-2025 की अवधि के लिए 3.43 मिलियन टन (एमटी) का उल्लेखनीय माल लदान दर्ज किया है।

मई-2025 के माह के लिए लदान 1.77 मिलियन टन (एमटी) था।

कंटेनर लदान में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, 2025-26 में संचयी आंकड़े 1.65 मीट्रिक टन हैं, जबकि 2024-25 में यह 1.33 मीट्रिक टन था और मई-2025 के दौरान मासिक आंकड़े 0.77 मीट्रिक टन हैं, जबकि मई-2024 में यह 0.69 मीट्रिक टन था। मई-2025 में 650 कंटेनरों का लदान दर्ज किया गया जबकि मई-2024 में 595 कंटेनरों का लदान दर्ज किया गया था। अप्रैल से मई-2025 की अवधि के लिए अन्य वस्तुओं के लदान में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। लोहा और इस्पात का हिस्सा 0.68 मीट्रिक टन, कोयला का हिस्सा 0.48 मीट्रिक टन, उर्वरक का हिस्सा 0.39 मीट्रिक टन और अन्य वस्तुओं का हिस्सा 0.25 मीट्रिक टन है।

कोयले की लोडिंग भी उत्साहजनक है, मई-2025 में 0.34 मीट्रिक टन की लोडिंग हुई, जबकि मई-2024 में यह 0.31 मीट्रिक टन थी। अन्य वस्तुओं की लोडिंग में, मई-2025 के लिए लोहा और इस्पात का हिस्सा 0.31 मीट्रिक टन, उर्वरक का हिस्सा 0.21 मीट्रिक टन और अन्य वस्तुओं का हिस्सा 0.14 मीट्रिक टन है। मुंबई मंडल एचआर कॉइल्स के माल यातायात को सड़क से रेल पर लाने में सफल रहा है। एचआर कॉइल्स जो पहले पेन से मानगांव में पॉस्को स्टील प्लांट तक सड़क मार्ग से ले जाए जाते थे, अब रेल से ले जाए जाते हैं। कलंबोली गुड्स शेड से पहला कंटेनर रेक दिनांक 14.05.2025 को लोड किया गया था। इस गुड्स शेड को दिनांक 30.01.2025 को कंटेनर रेक टर्मिनल के रूप में अधिसूचित किया गया था। कलंबोली गुड्स शेड से प्रति माह औसतन 7 रेक लोड होने की उम्मीद है। माल लदान बढ़ाने के लिए किए गए विभिन्न उपायों के साथ, मुंबई मंडल ने लदान (लोडिंग) प्रदर्शन में लगातार सुधार बनाए रखने में कामयाबी हासिल की है, जिससे उसे माल लदान में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल करने में मदद मिली है।

# अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड का गोरखपुर दौराः एकीकृत क्रू लॉबी, रनिंग रूम, गोरखपुर जं. स्टेशन पुनर्विकास का निरीक्षण

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जबलपुर। अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड श्री सतीश कुमार ने 19 जून, 2025 को महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे सुश्री सौम्या माथुर, प्रमुख विभागाध्यक्षों, मंडल रेल प्रबन्धक/ लखनऊ श्री गौरव अग्रवाल एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गोरखपुर स्थित क्रू लॉबी, एकीकृत क्रू रनिंग रूम एवं स्टेशन परिसर का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने क्रू लॉबी में सी.एम.एस. हॉल, क्रू काउंसलिंग कक्ष, एफ.एस. डी./वी.एच.एफ. रूम एवं सेमिनार हॉल का गहनता से निरीक्षण किया तथा एकीकृत क्रू रनिंग रूम में टी.टी.ई. एवं लोको पायलट कक्षों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। तत्पश्चात श्री सतीश कुमार ने ए.सी. लाउंज में यूनियन पदाधिकारियों से वार्ता की। इस दौरान श्री सतीश कुमार ने गोरखपुर जं. स्टेशन के प्रस्तावित स्वरूप एवं पुनर्विकास के कार्यों के ले-आउट का भी अवलोकन किया। अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड ने गोरखपुर जं. स्टेशन का निरीक्षण कर गोरखपुर जं. स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्य हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक सुझाव दिये तथा स्टेशन परिसर में यात्रियों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया।दौरे की शुरूआत, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड ने अत्याधुनिक लोको पायलट रनिंग रूम के निरीक्षण से की। यह रनिंग रूम लोको पायलटों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है, जिसमें वातानुकूलित विश्राम कक्ष, स्वच्छ प्रसाधन, उच्च गुणवत्ता वाले बेड, पेयजल सुविधा, भोजन कक्ष और मनोरंजन के लिए टेलीविजन व वाई-फाई जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। अध्यक्ष/रेलवे बोर्ड ने इस सुविधा की सराहना करते हुए कहा कि लोको पायलट रेलवे की रीढ़ हैं और उनकी कार्य दक्षता बढ़ाने के लिए ऐसी सुविधाएं अनिवार्य हैं।इसके पश्चात, श्री सतीश कुमार ने गोरखपुर स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों का गहन निरीक्षण किया। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लगभग 500 करोड़ रुपये की



लागत से गोरखपुर जंक्शन को विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। इस परियोजना में स्टेशन पर रूफ प्लाजा, विशाल प्रतीक्षालय, फूड कोर्ट, खुदरा दुकानें, बच्चों के लिए स्पोर्ट्स जोन और दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधाएं जैसे लिफ्ट, रैंप और ब्रेल साइनेज शामिल हैं। स्टेशन का नया भवन पर्यावरण-अनुकूल और ऊर्जा-कुशल डिजाइन पर आधारित होगा। अध्यक्ष/रेलवे बोर्ड ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की प्रशंसा की तथा साथ ही अधिकारियों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गोरखपुर जं. स्टेशन, जो विश्व का दूसरा सबसे लंबा रेलवे प्लेटफॉर्म रखता है, जल्द ही सुविधाओं और यात्री अनुभव में भी अग्रणी बनेगा।गोरखपुर जं. स्टेशन पर अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड श्री सतीश कुमार ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुये कहा कि उत्तर प्रदेश में रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास एवं विस्तार हेतु वर्ष 2025-26 के बजट में रू. 19,858 करोड़ का आवंटन किया गया है। यह बजट आवंटन वर्ष 2009-2014 के दौरान औसत बजट आवंटन से 18 गुणा अधिक है। उन्होंने कहा कि देश भर में अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत 1,300 से अधिक तथा उत्तर प्रदेश के कुल 157 एवं पूर्वोत्तर रेलवे के 58 स्टेशन पुनविकास के लिये चयनित हैं। श्री सतीश कुमार ने कहा कि 22 मई, 2025 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के 19 पुनर्विकसित स्टेशनों का उद्घाटन किया गया। पूर्वोत्तर रेलवे के 12 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों में से 11 स्टेशन उत्तर प्रदेश मे हैं और एक स्टेशन बिहार का है। उन्होंने नमो भारत, अमृत भारत एवं वंदे भारत एक्सप्रेस में दी जा रही सुविधाओं से मीडिया प्रतिनिधियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि गोरखपुर को दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस 20 जून को मिल जायेगी, जो पाटलिपुत्र से चलकर मुजफ्फरपुर, नरकटियागंज के रास्ते यहाँ आयेगी, जिसे माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जायेगा।अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड श्री सतीश कुमार ने क्षमता विस्तार पर प्रकाश डालते हुये कहा कि खलीलाबाद-बहराइच वाया बलरामपुर, श्रावस्ती, भिनगा (240.20 किमी.) नई रेल लाइन निर्माण के प्रथम चरण में खलीलाबाद-बांसी के मध्य कार्य प्रगति पर है तथा आगे के चरणों के लिये भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है। दोहरीघाट-सहजनवा (81.17 किमी.) तथा आनन्दनगर-घुघुली वाया महाराजगंज (53.51 किमी.) नई लाइन हेतु भूमि अधिग्रहण का कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि डोमिनगढ़-गोरखपुर-गोरखपुर कैंट-कुसम्ही तीसरी लाइन निर्माण के अन्तर्गत गोरखपुर-कुसम्ही के मध्य तीसरी लाइन का निर्माण पूरा कर कमीशन कर दिया गया है। गोंडा-बुढ़वल के मध्य तीसरी लाइन निर्माण के अन्तर्गत गोंडा कचहरी-करनैलगंज का कार्य कमीशन कर दिया गया है तथा करनैलगंज-घाघरा घाट का कार्य जुलाई में पूर्ण कर लिया जायेगा। तराई क्षेत्र में बहराइच-नानपारा-नेपालगंज रोड मीटर गेज खंड के आमान परिवर्तन के अन्तर्गत बहराइच-नानपारा का कार्य पूर्ण हो गया है। उन्होंने कहा कि क्षमता विस्तार होने पर अधिक ट्रेनों का संचलन हो सकेगा।अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड श्री सतीश कुमार ने ट्रेड यूनियनों और रेलवे कर्मचारी एसोसिएशनों के पदाधिकारियों के साथ एक सौहार्दपूर्ण बैठक की। इस दौरान कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि, प्रमोशन नीति, कार्यस्थल सुरक्षा और चिकित्सा सुविधाओं जैसे मुद्दों पर चर्चा की। अध्यक्ष/रेलवे बोर्ड ने यूनियनों के सुझावों को गंभीरता से सुना और उनकी मांगों को प्राथमिकता देने का वादा किया। यूनियन नेताओं ने इस संवाद को रचनात्मक और सकारात्मक बताया और रेलवे के विकास में सहयोग का भरोसा जताया।

# भुसावल मंडल की मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती इति पांडेय को राजभाषा में उत्कृष्ट योगदान हेतु रजत पदक से सम्मानित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली, रेल भवन – रेलवे बोर्ड द्वारा आयोजित 155वीं राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में भुसावल मंडल की मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती इति पाण्डेय को राजभाषा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन रेल भवन, नई दिल्ली में किया गया, जिसकी अध्यक्षता रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों ने की। श्रीमती इति पाण्डेय को यह सम्मान उनके नेतृत्व में राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, हिंदी भाषा के




प्रचार-प्रसार, और कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने हेतु किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया।यह सम्मान न केवल भुसावल मंडल के लिए गर्व का विषय है, बल्कि समस्त भारतीय रेल परिवार के लिए प्रेरणादायक भी है।

# गढ़चिरौली के सरेंडर माओवादियों को मिला सरप्राइज, पहली बार थिएटर में देखी अपनी जिंदगी पर बनी फिल्म तो हुए भावुक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

नागपुर : जंगल में कभी दहशत का पर्याय रहे चेहरे अब एक स्क्रीन पर टिमटिमाती रोशनी में दिख रहे थे। कुछ बच्चे साथ लिए, आत्मसमर्पण कर चुके माओवादियों का एक समूह मंगलवार को सुरक्षा घेरे में बने कैंपों से बाहर निकला। वे गढ़चिरौली के पहले एयर कंडीशन वाले थिएटर में फिल्म देखने गए। यह फिल्म 'ॠँइँ' थी। यह मराठी फिल्म उसी नक्सलवाद पर आधारित है, जिसके लिए कभी इन लोगों ने खून बहाया था। माओवादियों के लिए था सरप्राइजकिसी को कोई खबर नहीं थी। कोई अंदाजा नहीं था।

# हमें राज के साथ गठबंधन करना चाहिए, उद्धव ठाकरे ने अपने पुराने नेताओं से मीटिंग में क्या पूछा?

**ठाकरे बंधुओं के गठबंधन को लेकर पिछले दो महीने से चर्चा जोरों पर है। मनसे प्रमुख राज ठाकरे का आह्वान, शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे का चंद घंटों में उस पर जवाब और उसके बाद दोनों दलों के नेताओं के सकारात्मक बयानों ने महाराष्ट्र का ध्यान ठाकरे बंधुओं की ओर खींचा है।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः ठाकरे बंधुओं के गठबंधन को लेकर पिछले दो महीने से चर्चा जोरों पर है। मनसे प्रमुख राज ठाकरे का आह्वान, शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे का चंद घंटों में उस पर जवाब और उसके बाद दोनों दलों के नेताओं के सकारात्मक बयानों ने महाराष्ट्र का ध्यान ठाकरे बंधुओं की ओर खींचा है। विधानसभा चुनाव में दोनों ठाकरे परिवार को बड़ा झटका लगा था। ऐसे में यह देखना अहम है कि ठाकरे ब्रांड को बरकरार रखने के लिए दोनों भाई साथ आते हैं या नहीं? उद्धव ठाकरे ने आज मुंबई में अपने पूर्व पार्षदों से मनसे के साथ संभावित गठबंधन के बारे में पूछा। मुंबई महानगरपालिका में पार्टी के पूर्व पार्षदों की आज मातोश्री में बैठक हुई। इस दौरान ठाकरे ने उनसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

उद्धव ठाकरे ने पूर्व पार्षदों से क्या पूछा?

उद्धव ठाकरे ने पूर्व पार्षदों से पूछा कि उन्हें मनसे के साथ गठबंधन करना चाहिए या नहीं? पूर्व पार्षदों की राय थी कि गठबंधन से ही फायदा होगा। पूर्व पार्षदों ने ठाकरे के सामने माना कि गठबंधन को लेकर मुंबई में अनुकूल माहौल है। उद्धव ठाकरे ने पूर्व पार्षदों को भरोसा दिलाया कि मुंबई महानगरपालिका के लिए वह किस पार्टी के साथ गठबंधन करेंगे, इस बारे में वह विश्वास के साथ फैसला लेंगे।

**मध्य रेल**

**सोलापुर मण्डल**

**ई–निविदा सूचना**


निविदा सूचना संख्या सोला–एन–टी–2025–2026–11 दिनांकः 17.06.2025 भारत के राष्ट्रपति की ओर से डी.आर.एम. (एस एंड टी) कार्यालय, मध्य रेलवे, सोलापुर निम्नलिखित कार्यें के लिए सक्षम, प्रतिष्ठित फर्मों/ ठेकेदारों से रेलवे की ई–प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन ई–निविदाएं आमंत्रित करता हैः **काम का नामः** मध्य रेलवे के सोलापुर मंडल के दौंड – वाड़ी सेक्शन में सबवे कार्य के संबंध में संकेत और दूरसंचार उपकरणों की सुरक्षा/स्थानांतरण। **निविदा संख्याः** सोला–एन–टी–2025–2026–11 **कार्य की अनुमानित लागतः** Rs. 1,06,19,976.34 **टेंडर फॉर्म की कीमतः** NIL **जमा की जानेवाली धरोहर राशिः** Rs. 203100 **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 महीने Date & Time of Closing of tender on **www.ireps.gov.in : 11/07/2025 at 15:30 Hrs.** विवरण ireps वेबसाइट में उपलब्ध हैं। शुद्धिपत्र/संशोधन यदि कोई हो तो केवल उपरोक्त ई–प्रोक्योरमेंट वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। केवल ऑनलाइन निविदाएं ही स्वीकार की जाएंगी। मैनुअल/डाक/ई–मेल, फैक्स, हस्त निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे कंपनी के नाम के साथ तृतीय श्रेणी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र प्राप्त करें और इसे **www.ireps.gov.in** पर पंजीकृत करें। बयाना राशि का भुगतान (ईएमडी) केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया **www.ireps.gov.in** देखें। ANJ-55

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

# मुंबई हवाई अड्डे से करीब 25 करोड़ रु का मादक पदार्थ जब्त, तीन लोग पकड़े गए

**अधिकारी ने बताया कि दोनों यात्रियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि तीसरा व्यक्ति खेप लेने के लिए हवाई अड्डे के बाहर इंतजार कर रहा है। बाद में उसे भी पकड़ लिया गया।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 24.66 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ जब्त किया गया है और इस मामले में दो यात्रियों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क अधकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह मादक पदार्थ थाईलैंड से तस्करी कर भारत लाया गया था।एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में वह व्यक्ति भी शामिल है, जो मादक पदार्थ की इस खेप को लेने आया था और हवाई अड्डे के बाहर इंतजार कर रहा था। उन्होंने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर मुंबई सीमा शुल्क (तृतीय जोन) के अधिकारियों ने दो यात्रियों को बुधवार को बैंकाक से छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) पहुंचने पर रोका। अधिकारियों ने बताया कि दोनों यात्रियों के सामान की तलाशी लेने पर उसमें छिपाकर रखा गया मादक पदार्थ बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि जब्त मादक पदार्थ का वजन 24.96 किलोग्राम और इसकी अनुमानित कीमत 24.66 करोड़ रुपये है।अधिकारी ने बताया कि दोनों यात्रियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि तीसरा व्यक्ति खेप लेने के लिए हवाई अड्डे के बाहर इंतजार कर रहा है। बाद में उसे भी पकड़ लिया गया।उन्होंने बताया कि इसके बाद तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया और उनके खिलाफ स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच से पता चला है कि तस्करी में एक अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ गिरोह संलिप्त है।

**मध्य रेल**

**एनआई कार्य के लिए डीजी सेट के साथ प्रकाश व्यवस्था का प्रावधान**

ई निविदा सूचना क्रमांकः एलसीएफ/डीआर/जीऐस/488/डीजी/2025/07, दिनांकः 17/06/2025 उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण) दादर, तिलक ब्रिज के पास, पश्चिम रेलवे के प्लेटफॉर्म नंबर 5 के सामने, दादर (पश्चिम) मुंबई – 400028, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये प्रतिष्ठीत ठेकोदारो से क्रिस वैबसाइट पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम तथा स्थानः** मध्य रेलवे के मुंबई मंडल में लोकग्राम, जसाई में एनआई कार्य के लिए डीजी सेट के साथ प्रकाश व्यवस्था का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 1,15,78,700/– (रुपये एक करोड़ पंद्रह लाख अठहत्तर हजार सात सौ मात्र) **जमा कराये जाने वाली बयाना राशिः** रु. 2,07,900/– (रुपये दो लाख सात हजार नौ सौ मात्र) **निविदा प्रप्त्र की लागतः** 00 (शून्य) **कार्य पूर्ण करने काः** स्वीकृति पत्र जारी होने के दिन से छह (06) महीना तक (मानसून सहित)। **ऑफर की वैधताः** निविदा खुलने के 60 दिन तक। **पूरी जानकारी के लिए वैबसाइट, नोटिस बोर्ड का स्थानः** निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज क्रिस कि वैबसाइट पता **www.ireps.gov.in** से देखे जा सकते हैं। **निविदा भरने की तारीख तथा समयः** निविदा दस्तावेज ऑनलाइन दिनांक 09/07/2025 समय 15:00 बजे तक या पहले भरी जा सकती है। **निविदा खोलेने तारीख तथा समयः** निविदा इस कार्यालय मे 15:00 बजे दिनांक 09/07/2025 को खोली जाएगी। **नोटः–** संभावित निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि इलेक्ट्रॉनिक रूप से उनके प्रस्तावों को निविदा भरने से पहले, नियम और शर्तों, पात्रता मानदंड, ईएमडी और निविदा दस्तावेज की लागत जमा करने के तरीके के संबंध में निविदा विवरण के क्रिस के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का संदर्भ लेना चाहिए। 185

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अस्पताल, कांदिवली (प.) मुंबई – 67**

**क्र.ः एचओ/बीडीबीए/3029/एसआर दिनांकः 19.06.2025**

**ई-निविदा सूचना**

उप चिकित्सा अधीक्षक, भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मनपा सामान्य अस्पताल, कांदिवली (पश्चिम), मुंबई – 400067, निम्नलिखित कार्य हेतु तीन-स्तरीय बोली प्रक्रिया द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं.

ई-निविदा से संबंधित जानकारी बृहन्मुंबई महानगरपालिका की वेबसाइट http://mahatenders.gov.in पर उपलब्ध है.

निविदा का विवरण निम्नलिखित है :

| अ. क्र. | विवरण | ई-निविदा क्रमांक | निविदा प्रपत्र बिक्री का शुल्क (रु.) | ईएमडी (रु.) | ऑनलाइन बोली डाउनलोड करने की प्रारंभ तिथि व समय | ऑनलाइन बोली जमा करने की अंतिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | इंजेक्शन रेबीज़ मोनोक्लोनल एंटीबॉडी 100 आई.यू./2.5 एमएल | 2025_ एमसीजीएम_1191300_1 | 3300 + 18% जीएसटी = 3894/- | 40000/- | 20.06.2025 को 17:00 बजे | 28.06.2025 को 17:00 बजे |
| टिप्पणी : बयाना रकम जमा (ईएमडी) के ऑनलाइन भुगतान की अंतिम तिथि, निर्धारित नियत तिथि एवं समय से पूर्व है. | | | | | | |
| -शुद्धिपत्र, यदि कोई होगा तो उसे केवल बीएमसी और महाटेंडर वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा. | | | | | | |

मनपा आयुक्त के पास किसी भी समय बिना कोई कारण दर्शाए किसी भी अथवा सभी ई-निविदा को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है.

हस्ता./-

उप चिकित्सा अधीक्षक

भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अस्पताल, कांदिवली (प.)

पीआरओ/729/विज्ञा./2025-26

अगर आये हलका सा भी बुखार, तत्काल जाकर डॉक्टर से करें मुलाकात.

# जिला परिषद ठाणे में जूनियर असिस्टेंट के पद पर 24 कर्मचारियों को मिली पदोन्नति

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



ठाणे ,आज जिला परिषद, ठाणे के अंतर्गत जूनियर असिस्टेंट (क्लास-3) के पद पर कुल 24 कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया है, जिनमें से 22 कर्मचारी चपरासी संवर्ग के हैं और 2 ड्राइवर संवर्ग के हैं।इस पदोन्नति के बारे में जानकारी देते हुए उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सामान्य प्रशासन विभाग) अविनाश फड़तारे ने कहा कि कार्यदक्षता के आधार पर पदोन्नति की यह प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से लागू की गई है, और पदोन्नति प्रक्रिया काउंसलिंग के माध्यम से की गई है।इस पदोन्नति के अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे ने सभी नव पदोन्नत कर्मचारियों को बधाई दी।उन्होंने आगे कहा कि पदोन्नति सिर्फ पदोन्नति नहीं है, बल्कि हमारी सेवा, ईमानदारी और कार्यकुशलता की पहचान है। जिला परिषद की प्रगति में योगदान देने के लिए नई जिम्मेदारियां एक अवसर है। आइए हम सभी मिलकर जिला परिषद ठाणे के प्रदर्शन को और अधिक समृद्ध और उल्लेखनीय बनाने के लिए काम करें, यही मेरी हार्दिक इच्छा है!इस अवसर पर उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (ग्राम पंचायत) प्रमोद काले, कार्यकारी अभियंता प्रकाश सासे, शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) बालासाहेब राक्षे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर पारगे के साथ ही बड़ी संख्या में जिला परिषद के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।ऐसा माना जा रहा है कि इन कर्मचारियों की सेवा में पदोन्नति से कार्यालय का कामकाज अधिक प्रभावी और कुशल होगा।

# मलेरिया-डेंगू निवारक सार्वजनिक शिविरों का 67 हजार से अधिक नागरिकों ने उठाया लाभ

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



नवी मुंबई , मानसून का मौसम मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारियाँ फैलाने वाले मच्छरों के लिए प्रजनन का समय होता है और ये मच्छर मुख्य रूप से घरों के अंदर और आसपास रुके हुए पानी में पनपते हैं। इस संबंध में, नागरिकों को जानकारी देने और इन जगहों को नष्ट करने के लिए नवी मुंबई महानगरपालिका के अधिकार क्षेत्र में एक विशेष निवारक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।मनपा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे के मार्गदर्शन में अप्रैल से लगातार 26 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के क्षेत्र में ये शिविर चलाए जा रहे हैं और 182 शिविरों का लाभ 67,429 नागरिकों ने उठाया है। इन शिविरों में परीक्षण के लिए 4607 रक्त के नमूने लिए गए हैं। आज 19 जून को 26 प्राथमिक शहरी स्वास्थ्य केंद्रों के क्षेत्रों में शिविर आयोजित किए गए हैं और 11074 नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराया है।साथ ही, 662 नागरिकों के रक्त के नमूने लिए गए हैं। इसी तरह, मनपा और निजी स्कूलों और कॉलेजों के साथ-साथ सरकारी, अर्ध-सरकारी कार्यालयों में मच्छरों की रोकथाम के लिए निवारक पाउडर का छिड़काव किया जा रहा है और अब तक 214 स्कूलों में 8579 कक्षाओं में छिड़काव किया जा चुका है। साथ ही, 89 सरकारी, अर्ध-सरकारी कार्यालयों में 2930 कमरों में पाउडर का छिड़काव किया गया है।1 जनवरी 2025 से 19 जून 2025 तक 71810 रक्त के नमूने लिए गए हैं और उनमें डेंगू बुखार के 11 संक्रमित मरीज पाए गए हैं। 132 संदिग्ध डेंगू रोगियों में से, 40 लोगों के रक्त के नमूने एनआईवी पुणे सिविल अस्पताल भेजे गए हैं और नवी मुंबई मनपा क्षेत्र में एक भी संक्रमित डेंगू रोगी नहीं है। घर के अंदर और बाहर पौधों के गमलों की निचली प्लेटों में पानी, घर में फेंगशुई या सजावटी पेड़ों में जमा पानी, गैलरी, छत और घर के परिसर में जमा स्क्रैप सामग्री, खाली बोतलें, डिब्बे, पेंट के डिब्बे और साथ ही खुले टायर, छत पर प्लास्टिक पेपर/तिरपाल में पानी, निर्माण स्थल पर जमा पानी, बिना ढक्कन वाले ड्रम और पानी की टंकियां, आदि ऐसी जगहें हैं जहां मच्छर पनपते हैं। नागरिकों को ध्यान रखना चाहिए कि इन जगहों पर पानी जमा न हो।

फास्ट ट्रैक

# दहेज के लिए पत्नी से मारपीट कर घर से निकाला

## शाहजहांपुर में पति और ससुराल वालों ने एक लाख रुपए और बाइक मांगी




शाहजहांपुर, दहेज की मांग को लेकर एक महिला के साथ उसके पति और ससुराल वालों ने मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया। थाना कांट क्षेत्र की रहने वाली महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।महिला ने बताया कि उसकी शादी वर्ष 2022 में इकनौरा निवासी पंकज से हुई थी। शादी के बाद से ही पति और ससुराल वाले दहेज में एक लाख रुपये और एक बाइक की मांग कर रहे थे।महिला ने जब बताया कि उसके पिता मजदूरी करते हैं और यह मांग पूरी नहीं कर सकते, तो आरोपियों ने उसकी बात नहीं सुनी। पीड़िता ने बताया कि उसकी कोई संतान नहीं है, जिसके लिए उसे ताने दिए जाते थे।करीब एक महीने पहले दहेज की मांग पूरी न होने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। इसके बाद उसे घर से निकाल दिया। आरोपियों ने धमकी दी कि अगर बिना रुपये और बाइक के वापस आई तो जान से मार देंगे। फिलहाल पीड़िता अपने मायके में रह रही है।पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राशन वितरण कार्यालय का विधायक ने किया औचक निरीक्षण

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



ठाणे , जिला कलेक्टर कार्यालय परिसर में स्थित राशन वितरण कार्यालय का स्थानीय संजय केलकर ने औचक निरीक्षण किया, जिससे अधिकारियों की भीड़ लग गई।उन्होंने देखा कि पीडब्ल्यूडी इस राशन वितरण कार्यालय में किए जाने वाले काम में लापरवाही बरत रहा है।जिसे केलकर की वजह से आई.एस.ओ. रेटिंग मिली थी, और उन्होंने तुरंत संबंधित अधिकारियों को बुलाया।इस अवसर पर राशन कार्यालय के मुख्य अधिकारी चव्हाण मैडम, पीडब्ल्यूडी के सचिन पाटिल और अन्य अधिकारी मौजूद थे। विधायक केलकर ने पीडब्ल्यूडी के माध्यम से जर्जर हो चुके इस राशन वितरण कार्यालय का कायापलट किया था। इसके कारण इस कार्यालय को आई.एस.ओ. रेटिंग मिली थी। आज विधायक केलकर ने इस कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर काम के लिए आए नागरिकों ने विधायक केलकर से मुलाकात की और उनसे बातचीत की। इस कार्यालय का निरीक्षण करते समय उन्हेंने बाथरूम की खस्ता हालत देखी, साथ ही ऊपर से टाइल्स और स्लैब का रिसाव, इस कार्यालय के परिसर में बेर का पेड़ गिरने वाला है। और यह कभी भी कार्यालय पर गिर सकता है। विधायक. केलकर के निरीक्षण के दौरान यह भी देखा कि सड़क के बीच में पेवर ब्लॉक लगाने की जरूरत है और क्षेत्र में गंदगी देखी गई।निरीक्षण के दौरान इन सभी चीजों को देखने के बाद उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों पर अपना गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने अधिकारियों को इन सभी कार्यों को तुरंत पूरा करने के निर्देश दिए। इस समय, अधिकारियों ने कहा कि वे 10-12 दिनों में काम पूरा कर देंगे। राशन वितरण कार्यालय एक सार्वजनिक स्थान है।नागरिक हर दिन यहां आते-जाते हैं।इसलिए, यह कार्यालय अच्छी स्थिति में होना चाहिए। हालांकि पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने कहा है कि काम जल्द ही पूरा हो जाएगा।इसके बावजूद उन्होंने कहा कि मैं फिर से इस कार्यालय का दौरा करूंगा।

# उल्हासनगर परिमंडल 4 के क्राइम क्लियरेंस विशेष अभियान 1.0 में अंबरनाथ पुलिस स्टेशन प्रथम स्थान पर

- अभियान के अंतर्गत 12 दिनों में 1201 लंबित मामले निपटाए गए।
- अंबरनाथ पुलिस स्टेशन की महिला कांस्टेबल भाग्यश्री अंबिगार उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत।

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



उल्हासनगर.उल्हासनगर परिमंडल 4 के अंतर्गत आने वाले पुलिस स्टेशनों में लंबित मामलों को निपटाने और न्यायिक प्रक्रिया को गति देने के लिए 4 जून से 15 जून के मध्य 'क्राइम क्लीयरेंस विशेष अभियान 1.0' अभियान चलाया गया।इस अभियान को उल्लेखनीय सफलता मिली है।इस अभियान के अंतर्गत मात्र 12 दिनों में 1201 लंबित अपराधों का निपटारा करके पुलिस विभाग ने उत्कृष्ट कार्यकुशलता की एक बेहतरीन मिसाल कायम की है।इस अभियान में अंबरनाथ पुलिस स्टेशन ने सबसे ज्यादा आपराधिक मामलों का निपटारा करके परिमंडल 4 के अंतर्गत आने वाले पुलिस स्टेशन की सूची में शीर्ष स्थान पर रहते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है।इस अभियान में दूसरा स्थान हिल लाइन पुलिस स्टेशन को और तीसरा स्थान उल्हासनगर पुलिस स्टेशन को प्राप्त हुआ। इस अभियान में अंबरनाथ पुलिस स्टेशन की महिला पुलिस कांस्टेबल भाग्यश्री अंबिगर बैच न.78 का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय और उल्लेखनीय रहा है।उन्होंने अकेले ही कुल 170 मामलों का निपटान किया है। उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार भी प्रदान किया गया। 4 से 15 जून तक चलाए गए 'अपराध उन्मूलन विशेष मिशन 1.0' का मुख्य उद्देश्य लंबित अपराधों का तत्काल निपटारा कर न्याय प्रक्रिया में तेजी लाना तथा तथा जनता के मन में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास उत्पन्न करना था।इस अभियान में परिमंडल 4 के सभी पुलिस कर्मियों ने पूर्ण उत्साह से कार्य करते हुए मात्र 12 दिनों में 1201 मामलों का निपटान करके उल्लेखनीय कार्य किया है। यह उपलब्धि पुलिस प्रशासन की त्वरित निर्णय क्षमता और संगठित प्रयासों का परिणाम मानी जा रही है। इस विशेष उपलब्धि के लिए पुरस्कार वितरण समारोह मंगलवार को उल्हासनगर के रोटरी क्लब मिडटाउन हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे के मार्गदर्शन में आयोजित किया इस अवसर पर सभी पुलिस थानों के प्रभारी अधिकारी, अपराध निरीक्षक और कार्यरत अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अभियान की सफलता पर उल्हासनगर परिमंडल 4 के पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे ने कहा कि यह सिर्फ एक अभियान नहीं बल्कि पुलिस विभाग और उसके कर्मचारियों की कार्यसंस्कृति का परिचय है।महिला सिपाही भाग्यश्री अंबिगार ने अपने कार्य से लोगों को प्रेरित किया है।इस अभियान से पुलिस विभाग के प्रति जनता में एक विश्वास उत्पन्न हुआ है और आगे भी ऐसे ही विशेष अभियान को चलाया जाता रहेगा।

# शराब के नशे में युवक को मारी गोली

## तिलहर में नाई की दुकान पर फायरिंग, जांघ में गोली लगने से घायल

शाहजहांपुर , तिलहर कोतवाली क्षेत्र में एक नाई की दुकान पर शराब के नशे में धुत दो युवकों ने गोलीबारी कर दी।मोहल्ला नजरपुर निवासी तस्लीम अपनी दुकान में काम कर रहा था।इस दौरान दो नशेड़ी युवक वहां पहुंचे।एक युवक ने तस्लीम पर तमंचा तान दिया और गोली मारने की धमकी दी। तस्लीम ने गिड़गिड़ाकर तमंचा हटाने की विनती की।इसी दौरान आरोपी ने गोली चला दी, जो तस्लीम की दाईं जांघ में लगी।घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार पुलिस बल के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे।घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।कोतवाली प्रभारी राकेश तोमर ने बताया कि तहरीर मिलते ही मामला दर्ज किया जाएगा। हमलावरों की तलाश के लिए पुलिस टीम लगा दी गई है।सीसीटीवी फुटेज की मदद से घटना की जांच की जा रही है।

# मोदी सरकार के 11 साल होने पर जन-चौपाल का आयोजन

## जिलाध्यक्ष रामकुमार बोले- सीमा सुरक्षित, अर्थव्यवस्था मजबूत और गांव-गांव तक पहुंची टेक्नोलॉजी

मिर्जापुर, मझवां विधानसभा क्षेत्र के पहाड़ी मंडल के गौरा राजा में जन चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामकुमार विश्वकर्मा ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में देश ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं।

# विकास कार्यों का मंत्री ने लिया जायजा

- सुरेश खन्ना और प्रमुख सचिव ने कई परियोजनाओं का किया निरीक्षण

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



शाहजहांपुर, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना और नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने विभिन्न विकास परियोजनाओं का निरीक्षण किया।उन्होंने सबसे पहले रेती क्षेत्र में कल्याण सिंह सामुदायिक भवन का दौरा किया। फत्तेपुर रेती में पं. दीनदयाल उपाध्याय बहुउद्देशीय सामुदायिक केन्द्र का निरीक्षण किया गया। इसके बाद बिसरात घाट स्थित हनुमतधाम में देवदर्शन के साथ सिंचाई विभाग की परियोजनाओं का जायजा लिया। पक्का पुल से हनुमतधाम होते हुए नया पुल तक सौंदर्यीकरण और रिवर बैंक डेवलपमेंट कार्यों का अवलोकन किया। ककरां में निमार्णाधीन नगर निगम कार्यालय भवन का निरीक्षण किया गया।प्रमुख सचिव ने इस परियोजना के लिए चार माह की साप्ताहिक कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। सीएम ग्रिड योजना के तहत अहमद उल्ला शाह मजार से तेल टंकी होकर लिबास टेलर्स तिराहा तक सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया।शहीद उद्यान में ओपन थिएटर का अवलोकन भी किया गया।प्रमुख सचिव ने सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।

# अवैध मीट दुकानों पर कार्यवाही

## खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी से दुकानदार भागे, सैंपल जब्त

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



शाहजहांपुर , तिलहर कोतवाली क्षेत्र स्थित डड़िया बाजार में खाद्य सुरक्षा विभाग ने छापेमारी की।खाद्य सुरक्षा अधिकारी वरुण कुमार के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में अवैध और मानक विहीन मीट की दुकानों पर चालान और जुमार्ना लगाया गया।विभाग की टीम ने खाद्य सामग्री बेचने वाली दुकानों का भी निरीक्षण किया और सैंपल एकत्र किए। छापेमारी की खबर फैलते ही कई दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर मौके से फरार हो गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी वरुण कुमार ने बताया कि डड़िया बाजार में अवैध मीट की बिक्री और मिलावटी खाद्य पदार्थों की शिकायतें शासन स्तर तक पहुंच रही थीं।इसी के मद्देनजर यह कार्रवाई की गई। बाजार में लंबे समय से जमीन पर और लकड़ी के खोखों में खुलेआम पशुओं को काटकर मीट बेचा जा रहा था।

# गौशाला में मिले मृत गोवंश

## शाहजहांपुर के पुरैना में क्षमता से तीन गुना ज्यादा पशु, बीमार गोवंशों का इलाज जारी

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



शाहजहांपुर , जलालाबाद क्षेत्र स्थित पुरैना गांव की गौशाला में मृत गोवंश मिलने का मामला सामने आया है।गौशाला के पीछे बने गड्ढे में कुत्ते मृत गोवंशों के शवों को नोच रहे थे। गौशाला की स्थिति की जानकारी मिलने पर गौ रक्षक दल के जिला अध्यक्ष ठाकुर अभिषेक सिंह और शिवेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने पाया कि गौशाला के अंदर एक गोवंश मृत पड़ा था।साथ ही तीन-चार गोवंश बीमार थे। खंड विकास अधिकारी इंद्रकुमार ने बताया कि बरसात के कारण पहले से दफनाए गए शव उभर आए थे।एक गोवंश की हाल ही में मृत्यु हुई थी। बरसात के कारण उसे तुरंत दफन नहीं किया जा सका था। बाद में उसे दफना दिया गया। गौशाला की क्षमता 60 गोवंश की है।लेकिन सचिव अनामिका गौतम के अनुसार वर्तमान में यहां 194 गोवंश रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि गौशाला में चारा-पानी की कोई कमी नहीं है।

बीमार पशुओं का इलाज कराया जा रहा है। इस घटना के लिए गोपालकों को नोटिस भेजे गए हैं।

# महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## शाहजहांपुर में पति पर दहेज के लिए गला दबाकर मारने का आरोप, 3 साल पहले शादी

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



शाहजहांपुर, दहेज की मांग को लेकर एक विवाहिता की कथित हत्या का मामला सामने आया है।थाना तिलहर क्षेत्र की रहने वाली 22 वर्षीय प्रीति की शादी तीन साल पहले लॉकडाउन के दौरान थाना कांट क्षेत्र के अभायन गांव निवासी सुनील से हुई थी। मृतका के परिजनों का आरोप है कि शादी के बाद से ही पति और ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर प्रीति को प्रताड़ित करते थे। बुधवार को मायके वालों को सूचना मिली कि प्रीति की मौत हो गई है।मौके पर पहुंचे परिजनों को प्रीति का शव जमीन पर पड़ा मिला।मृतका के गले पर चोट के निशान भी पाए गए हैं।पिता ने बताया कि प्रीति को शादी के बाद से ही डराया-धमकाया जाता था। वह ससुराल की परेशानियों के बारे में मायके में कभी नहीं बताती थी। दो दिन पहले भी उसने मां से बात की थी, लेकिन कोई परेशानी नहीं बताई थी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया है।मृतका के परिजनों ने पति और ससुराल वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# 10 माह से पानी की किल्लत

## निजाम नगर में अशुद्ध पानी की आपूर्ति, कांग्रेस ने ईओ को सौंपा ज्ञापन

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**



शाहजहांपुर , जलालाबाद नगर के निजाम नगर वार्ड में पानी की गंभीर समस्या सामने आई है। कांग्रेस नगर अध्यक्ष सैयद तनवीर अली और नगर उपाध्यक्ष फिरोज खान के नेतृत्व में कार्यकताओं ने अधिशासी अधिकारी एच एन उपाध्याय को ज्ञापन सौंपा। किले बाली मस्जिद के पास नगर पालिका ने 10 माह पहले एक सबमर्सिबल पंप लगवाया था।लेकिन ठेकेदार द्वारा बोरिंग कम गहराई तक करने से अशुद्ध पानी की आपूर्ति हो रही है।इससे वार्ड की जनता को पीने के पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने पिछले 7 महीनों से इस समस्या के समाधान की मांग की है। अधिकारियों ने 350 फीट की बोरिंग का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।कांग्रेस कार्यकताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे धरना-प्रदर्शन करेंगे।ज्ञापन देने वालों में युवा अध्यक्ष आलोक शर्मा, एडवोकेट शकील अहमद, फरमान अली, मजकूर अली, अदनान खान, दिलशाद अली, शहनवाज अहमद, सदाकत और सुल्तान सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# वृंदावन गार्डन में क्लब का विवाद



**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

शाहजहांपुर, अजीजगंज स्थित वृंदावन गार्डन कॉलोनी में क्लब को लेकर विवाद खड़ा हो गया है।कॉलोनी वासियों और मालिक के बीच दो घंटे तक तीखी बहस हुई।कॉलोनी वासियों का कहना है कि प्लॉट खरीदते समय नक्शे में क्लब और स्विमिंग पूल दिखाया गया था। कॉलोनी निवासी उद्योगपति विनय अग्रवाल ने बताया कि जब वे बच्चों के साथ क्लब में गए तो वहां की व्यवस्थाएं खराब थीं। स्टाफ ने उनके साथ अभद्रता की।बाद में स्टाफ ने क्लब का बोर्ड हटाने की कोशिश की। जब कालोनी में प्लाट खरीदते समय नक्शे में क्लब दिखाया गया था और बताया था कि स्वीमिंग पूल भी बनेगा।स्टॉफ को दी गई धमकी कॉलोनी मालिक सुरेश सिंघल का दावा है कि क्लब उनकी निजी जमीन पर बना है। उन्होंने कहा कि इसका कॉलोनी वासियों से कोई संबंध नहीं है।उनका आरोप है कि क्लब के स्टाफ को धमकी दी गई है, जिसकी तहरीर थाने दे दी गई है।

**भारत संवाद परिवार**

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# ट्रम्प की पाकिस्तान आर्मी चीफ से बंद कमरे में मुलाकात

## आसिम मुनीर बोले- अमेरिकी राष्ट्रपति को नोबेल प्राइज मिलना चाहिए, उन्होंने भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाया

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर से बंद कमरे में मुलाकात की। दोनों ने व्हाइट हाउस के कैबिनेट रूम में साथ लंच किया। यह पहली बार है जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ की मेजबानी की है। यह मुलाकात मुनीर के ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार देने की मांग वाले बयान के बाद हुई। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एना केली ने बताया कि मुनीर ने ट्रम्प को मई में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने का क्रेडिट दिया है। उनके इस बयान के सम्मान में ट्रम्प ने उन्हें लंच पर बुलाया था। आसिम मुनीर अभी अमेरिका के दौरे पर हैं। ट्रम्प से उनकी मुलाकात से कुछ घंटे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति से 35 मिनट तक फोन पर बातचीत की थी। इस दौरान मोदी ने साफ कहा था कि 7 से 10 मई तक चले ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय और पाकिस्तानी सेनाओं के



बीच बातचीत के बाद सीजफायर हुआ था। किसी बाहरी मध्यस्थता के माध्यम से नहीं। मुनीर की तारीफ में ट्रम्प बोले- संघर्ष रोकने में इनकी अहम भूमिका मुनीर से मुलाकात के बाद ट्रम्प ने व्हाइट हाउस लॉन में मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, 'इस आदमी ने पाकिस्तान की तरफ से इसे (भारत-पाकिस्तान लड़ाई) रोकने में अहम भूमिका निभाई।' ट्रम्प ने बताया कि मुनीर के साथ उनकी ईरान-इजराइल संघर्ष पर भी चर्चा हुई। मुनीर से मुलाकात से पहले भी ट्रम्प ने मीडिया से बात की थी। तब उन्होंने कहा, 'मैंने उन्हें (मुनीर) यहां इसलिए बुलाया है क्योंकि मैं उन्हें भारत के साथ युद्ध में नहीं उतरने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी धन्यवाद देना चाहता हूं, जो कुछ दिन पहले ही यहां से गए हैं।' ट्रम्प ने कहा, 'हम भारत और पाकिस्तान के साथ व्यापार समझौते पर काम कर रहे हैं। इन दो बहुत ही चतुर लोगों (पीएम मोदी और आसिम मुनीर) ने एक टकराव रोकने का फैसला किया जो परमाणु युद्ध बन सकता था। पाकिस्तान और भारत दो बड़ी परमाणु शक्तियां हैं।' अमेरिका में मुनीर के खिलाफ पाकिस्तानियों ने नारेबाजी की इससे पहले मुनीर ने मंगलवार को वॉशिंगटन में पाकिस्तानी समुदाय को संबोधित किया था। इस दौरान उन्होंने कहा- भारत पहलगाम हमले का इल्जाम पाकिस्तान पर लगाकर सीमा उल्लंघन कर रहा है। हम शहादत स्वीकार करेंगे, लेकिन अपमान नहीं। मुनीर ने ईरान-इजराइल युद्ध खत्म करने की वकालत की और अमेरिका के साथ आतंकवाद विरोधी साझेदारी की तारीफ की। हालांकि पाकिस्तानियों को संबोधित करने के दौरान उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा। अमेरिकी-पाकिस्तानी नागरिकों ने मुनीर के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्हें तानाशाह और कातिल बताया।

एक्सपर्ट बोले- ट्रम्प से मुलाकात मुनीर के असली शासक होने की मान्यता विदेश मामलों के जानकार और किंग्स कॉलेज लंदन में प्रोफेसर हर्ष वी. पंत का कहना है कि एक लोकतांत्रिक देश के राष्ट्रपति ट्रम्प ने पाकिस्तान के सैन्य शासक मुनीर से मुलाकात कर यह मान्यता दे दी है कि मुनीर ही असली शासक हैं। भारत ने जिस मुनीर को पहलगाम हमले का आरोपी बताया है, उस मुनीर से लंच और बातचीत ट्रम्प की शातिराना हरकत से कम नहीं है।

# ईरान का एटमी प्लांट तबाह करना आसान नहीं

## जमीन से 295 फीट नीचे बनी फोर्डो लैब, केवल अमेरिकी विमान और बम से हमला मुमकिन

एजेंसी

तेल अवीव / तेहरान, ईरान और इजराइल के संघर्ष के बीच दुनिया की नजर ईरान के फोर्डो फ्यूल एनरिचमेंट प्लांट पर टिक गई है। यह ईरान की एक पहाड़ी में 295 फीट, यानी लगभग 90 मीटर गहराई में मौजूद है। इसकी बनावट और रणनीतिक लोकेशन ऐसी है कि कोई भी देश इसे हवाई हमले से तबाह नही कर सकता है। फोर्डो के अड्डे तक पहुंचने के लिए पांच सुरंगों को काटकर गहराई में बंकरनुमा सुविधाएं बनाई गई हैं। इसका कंट्रोल परमाणु ऊर्जा संगठन (एईओआई) के पास है।, ये नतांज के बाद ईरान का दूसरा यूरेनियम प्यूरिफिकेशन प्लांट है।



इजराइल लंबे समय से इस अड्डे को खत्म करना चाहता है। इसे तबाह करने में सिर्फ अमेरिका के जीबीयू-57 मैसिव ऑर्डिनेंस पेनेट्रेटर बंकर-बस्टर बम और इ-2 स्टेल्थ विमान सक्षम हैं, लेकिन यह इतना आसान नहीं है। इसे तबाह करने के लिए इन बमों को कई बार एक ही जगह पर गिराना होगा। सीक्रेट डॉक्युमेंट्स से फोर्डो एटमी प्लांट का खुलासा 2009 में हुआ। हालांकि, इस प्लांट की असल जानकारी 2018 में तब सामने आई जब इजराइल ने ईरान के परमाणु दस्तावेज चुरा लिए। 55 हजार दस्तावेजों में फोर्डो की योजना, ब्लूप्रिंट और उद्देश्य दर्ज थे। इनमें लिखा था कि संयंत्र में हथियार-ग्रेड यूरेनियम का निर्माण किया जाएगा और हर साल कम से कम 2 परमाणु हथियार बनाए जा सकेंगे। इंस्टीट्यूट फॉर साइंस एंड इंटरनेशनल सिक्योरिटी थिंक टैंक के डेविड एलब्राइट के अनुसार, इन दस्तावेजों से साफ था कि ईरान का इरादा परमाणु हथियार बनाना था। इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी ने भी माना कि इस प्लांट का साइज व डिजाइन शांतिपूर्ण उपयोग के अनुरूप नहीं है। यही कारण है कि इजराइल इसे तबाह करने के पीछे पड़ा है। फोर्डो फ्यूल एनरिचमेंट प्लांट (एफएफईपी) को शहीद अली मोहम्मदी न्यूक्लियर फैसिलिटी के नाम से भी जाना जाता है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बना रहे इजराइल पर खुद हथियार रखने के आरोप हैं। आज उसके पास अनुमानित 90 से अधिक परमाणु हथियार हैं और डिमोना स्थित उसके अति-गोपनीय न्यूक्लियर साइट में बड़ी मात्रा में प्लूटोनियम उत्पादन की क्षमता है।

# इलॉन मस्क के स्टारशिप में टेस्ट के दौरान धमाका

## लपटें और धुआं दूर-दूर तक दिखाई दिया, आस-पास के घरों की खिड़कियां हिल गईं

एजेंसी



टेक्सास, दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलॉन मस्क का स्टारशिप-36 रॉकेट टेक्सास के स्टारबेस टेस्टिंग साइट पर अचानक धमाके के साथ फट गया। इसकी लपटें और धुआं दूर-दूर तक दिखाई दिया। ये धमाका भारतीय समयानुसार आज यानी, 19 जून को सुबह करीब 09:30 बजे हुआ। धमाका उस वक्त हुआ जब 29 जून को होने वाले स्टारशिप के 10वें टेस्ट फ्लाइट से पहले रॉकेट का दूसरा स्टैटिक फायर टेस्ट चल रहा था। इस टेस्ट में रॉकेट को जमीन पर ही रखकर उसके इंजन को चालू किया जाता है, ताकि लॉन्च से पहले सब कुछ ठीक हो, ये चेक किया जा सके। टेस्ट शुरू होने से ठीक पहले, रॉकेट के ऊपरी हिस्से में, जहां फ्यूल टैंक होते हैं, अचानक विस्फोट शुरू हुआ। देखते ही देखते पूरा रॉकेट आग के गोले में बदल गया। आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों ने बताया कि धमाका इतना जोरदार था कि उनके घरों की खिड़कियां हिल गईं। इस धमाके का जो वीडियो सामने आया है उसमें दिख रहा है कि रॉकेट के नोज यानी, ऊपरी हिस्से से अचानक आग की लपटें निकलती हैं और फिर पूरा रॉकेट धमाके के साथ फट जाता है। स्पेसएक्स ने इस हादसे के बाद बयान जारी कर बताया कि टेस्ट साइट के आसपास पहले से ही सुरक्षा का पूरा इंतजाम था। सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और आसपास के इलाकों में रहने वालों को भी कोई नुकसान नहीं हुआ। कंपनी ने लोगों से अपील की है कि वो टेस्ट साइट के पास न जाएं, क्योंकि अभी भी वहां आग बुझाने और सफाई का काम चल रहा है। कैमरन काउंटी के शेरिफ ऑफिस और स्थानीय पुलिस ने भी पुष्टि की कि कोई घायल नहीं हुआ। फायर डिपार्टमेंट की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की, लेकिन रॉकेट और टेस्ट साइट को हुआ नुकसान इतना ज्यादा है कि स्पेसएक्स को अब अपनी 10वीं टेस्ट फ्लाइट की योजना पर फिर से काम करना पड़ेगा। नासा स्पेसफ्साइट यूट्यूब चैनल पर ये टेस्ट लाइव दिखाया जा रहा था। इस दौरान कमेंट्री में बताया गया कि फ्यूल लोडिंग प्रक्रिया शुरू होने के लगभग 30 मिनट बाद विस्फोट हुआ। स्टैटिक फायर टेस्ट के दौरान रॉकेट के इंजन को लॉन्च माउंट से जुड़े रहते हुए चालू किया जाता है। टेस्ट में रॉकेट के छह रैप्टर इंजनों को एक साथ चालू करना था। इलॉन मस्क ने कहा- प्रारंभिक डेटा से पता चलता है कि पेलोड बे में मौजूद नाइट्रोजन सीओपीवी अपने प्रूफ प्रेशर से कम दबाव में फेल हो गया। सीओपीवी एक तरह का खास दबाव वाला कंटेनर होता है। इसका काम नाइट्रोजन, हीलियम, या ऑक्सीजन जैसी गैसों को बहुत ज्यादा दबाव में स्टोर करना है। रॉकेट के पेलोड बे में नाइट्रोजन गैस स्टोर करने के लिए सीओपीवी यूज होता है। वहीं प्रूफ प्रेशर वह दबाव है, जिसके तहत किसी कंटेनर को टेस्ट किया जाता है ताकि यह चेक किया जाए कि वह सुरक्षित है या नहीं। इस साल स्टारशिप के टेस्ट में लगातार असफलताएं मिल रही हैं। सातवें, आठवें और नौवें टेस्ट फ्लाइट में भी रॉकेट या तो उड़ान के दौरान फट गया या फिर कंट्रोल खोकर क्रैश हो गया।

# पुतिन, शी ईरान-इजराइल युद्ध पर सूचना साझा करने को सहमत हुए

एजेंसी

रूसी राष्ट्रपति कार्यालय एवं आधिकारिक आवास क्रेमलिन ने बृस्पतिवार को कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके चीनी समकक्ष शी चिनफिंग ईरान-इजराइल युद्ध पर संवेदनशील जानकारी एक दूसरे को मुहैया करने के लिए सहमत हुए हैं। क्रेमलिन के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव ने कहा, राष्ट्रपति पुतिन और शी चिनफिंग ने फोन पर घंटे भर हुई बातचीत के दौरान अपनी-अपनी एजेंसियों को ईरान के बारे में जानकारी साझा करने के आदेश जारी करने पर सहमति जताई। पिछले हफ्ते इजराइल ने



ऑपरेशन राइजिंग लॉयन शुरू किया था, जिसमें ईरान के परमाणु, मिसाइल और सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया। बाद में, ईरान ने भी इजराइल पर जवाबी हमले किए। बुधवार को रूस और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने इजराइल-ईरान युद्ध को तत्काल समाप्त करने

> क्रेमलिन के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव ने कहा, राष्ट्रपति पुतिन और शी चिनफिंग ने फोन पर घंटे भर हुई बातचीत के दौरान अपनी-अपनी एजेंसियों को ईरान के बारे में जानकारी साझा करने के आदेश जारी करने पर सहमति जताई।

और तेहरान के परमाणु मुद्दे का हल करने के लिए राजनीतिक और कूटनीतिक प्रयासों को तेज करने की अपील की थी। क्रेमलिन के अनुसार, राष्ट्रपति पुतिन ने यूएई के अपने समकक्ष मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ टेलीफोन पर बातचीत के दौरान इस मुद्दे पर चर्चा की।

# शशि थरूर ने कांग्रेस के साथ मतभेदों को किया स्वीकार

## कहा- 'समय आने पर आंतरिक रूप से उठाएंगे कदम'



एजेंसी

नीलांबुर उपचुनाव के दिन सांसद शशि थरूर ने अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने मीडिया से कहा कि पार्टी ने उन्हें नीलांबुर में प्रचार के लिए नहीं बुलाया। थरूर ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर उन्हें बुलाया जाता तो वे जाते। थरूर ने कहा कि पार्टी नेतृत्व के साथ उनके मतभेद हैं और इस मामले पर पार्टी में चर्चा की जाएगी।चर्चा का विषय यह रहा कि यूडीएफ उम्मीदवार आर्यदान शौकम के लिए प्रचार करने नीलांबुर आने के बावजूद सभी वरिष्ठ नेताओं और अधिकांश कांग्रेस सांसदों ने थरूर से मुलाकात नहीं की। ऐसी खबरें थीं कि राष्ट्रीय नेतृत्व और राज्य नेतृत्व थरूर के नए कदमों से नाखुश हैं।ऑपरेशन सिंदूर पर टिप्पणी से आंतरिक आलोचना हुई22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के आतंकवाद विरोधी प्रयासों को उजागर करने के लिए अमेरिका में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले थरूर को ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन करने वाली उनकी टिप्पणियों के लिए कुछ कांग्रेस नेताओं की आलोचना का सामना करना पड़ा। न्यूयॉर्क में, थरूर ने भारतीय-अमेरिकी समुदाय से कहा कि भारत की सीमा पार सैन्य प्रतिक्रिया एक महत्वपूर्ण रणनीतिक बदलाव को दर्शाती है।

> नीलांबुर उपचुनाव के दिन सांसद शशि थरूर ने अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने मीडिया से कहा कि पार्टी ने उन्हें नीलांबुर में प्रचार के लिए नहीं बुलाया। थरूर ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर उन्हें बुलाया जाता तो वे जाते।

उन्होंने कहा, 2016 के उरी हमले के बाद पहली बार भारत ने आतंकी ठिकानों पर हमला करने के लिए नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार की। यहां तक कि कारगिल युद्ध के दौरान भी हमने एलओसी पार नहीं की।कांग्रेस नेताओं ने किया पलटवारउनके बयान पर पार्टी के सहयोगियों ने तीखी आलोचना की। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वे यूपीए शासन के दौरान की गई सर्जिकल स्ट्राइक का जिक्र कर रहे हैं, जिसमें थरूर को टैग करते हुए एक तीखा, मौन जवाब दिया गया है।संचार मामलों के प्रभारी पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने विदेशी प्रतिनिधिमंडलों में थरूर जैसे विपक्षी नेताओं को शामिल करने के लिए मोदी सरकार की आलोचना की, इसे स्ता राजनीतिक खेल कहा और केंद्र पर उचित परामर्श को दरकिनार करने का आरोप लगाया।

# पड़ोस में ही मिसाइल, बम गिर रहे थे ...

## भारतीय छात्रों ने ईरान के भयावह हालात को याद किया, सुनाई अपनी आपबीती

> हमारे पड़ोस में ही आसमान से मिसाइलें गिर रही थीं, बमबारी हो रही थी। यह कहना था युद्धग्रस्त ईरान से निकाले जाने के बाद बृहस्पतिवार को वतन लौटे एमबीबीएस छात्र मीर खलीफ का जिनकी लड़खड़ाती आवाज में वहां (ईरान) के भयावह हालात का डर साफ महसूस हो रहा था।

एजेंसी



ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते सैन्य संघर्ष के बीच ऑपरेशन सिंधु के तहत 110 भारतीय नागरिकों को लेकर पहली निकासी उड़ान गुरुवार को येरेवन, आर्मेनिया से नई दिल्ली पहुंची। भारत ने ऑपरेशन सिंधु की शुरूआत की, जिसका उद्देश्य ईरान से भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और निकासी सुनिश्चित करना था। विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की है कि तेहरान में रहने वाले भारतीय छात्रों को भारतीय दूतावास के समन्वय के माध्यम से शहर से सुरक्षित रूप से निकाल लिया गया है। मंत्रालय ने अपने आधिकारिक संचार में कहा, ₹भारतीय दूतावास द्वारा की गई व्यवस्था के माध्यम से सुरक्षा कारणों से तेहरान में भारतीय छात्रों को शहर से बाहर निकाल दिया गया है।₹ भारतीय छात्रों ने ईरान के भयावह हालात को याद कियाहमारे पड़ोस में ही आसमान से मिसाइलें गिर रही थीं, बमबारी हो रही थी। यह कहना था युद्धग्रस्त ईरान से निकाले जाने के बाद बृहस्पतिवार को वतन लौटे एमबीबीएस छात्र मीर खलीफ का जिनकी लड़खड़ाती आवाज में वहां (ईरान) के भयावह हालात का डर साफ महसूस हो रहा था। खलीफ, उन 110 भारतीय छात्रों में से एक हैं जो बृहस्पतिवार को सुबह-सुबह पहली निकासी उड़ान से राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे। ईरान-इजराइल संघर्ष के बीच ऑपरेशन सिंधु के तहत इन छात्रों को भारत लाया गया।जम्मू-कश्मीर के 90 छात्र सहित इन सभी को ईरान के शहरों में विस्फोट और हवाई हमले के मद्देनजर इस सप्ताह की शुरूआत में तेहरान से आर्मेनिया ले जाया गया था। बचाव अभियान में समन्वय भारतीय दूतावास द्वारा किया गया। खलीफ ने ईरान की भयावह यादों को एक बुरा सपना बताया और उन्हें पहले आर्मेनिया पहुंचाने, फिर वतन वापसी के लिए भारत सरकार को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, हमने मिसाइलें गिरती देखी। युद्ध हो रहा था। हमारे पड़ोस में बमबारी हो रही थी। हम बेहद डर गए। मैं दुआ करता हूं कि हमें ऐसे दिन फिर कभी न देखने पड़ें।खलीफ ने कहा, ईरान में अभी भी छात्र फंसे हैं। उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। हमें उम्मीद है कि उन्हें भी जल्द भारत लाया जाएगा।

# आरएसएस -नीतीश को हटाओ, तेजस्वी को सीएम बनाओ :लालू

## मीटिंग में राबड़ी का पीएम पर तंज- जो अकेले रहता है, वह परिवार ...

एजेंसी

पटना , पटना के ज्ञान भवन में में राष्ट्रीय जनता दल की राज्य परिषद की बैठक हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने कहा, 'चुनाव में कुछ ही महीने बचे हैं। जो मेहनत करेगा पार्टी उसे ही अपना उम्मीदवार बनाएगी।' उन्होंने कहा, 'रात दिन तेजस्वी यादव मेहनत कर रहे हैं। पार्टी को मजबूत कर रहे हैं। हर हाल में तेजस्वी को पार्टी की तरफ से उट फेस बनाए रखना है। सब लोग मिलकर तेजस्वी को सीएम बनाइए।'जो लोग अकेले रहते हैं वो परिवारवाद की बात करते हैं- राबड़ी देवीराबड़ी देवी ने पीएम मोदी पर बिना नाम लिए तंज कसते हुए कहा- 'जो लोग अकेले रहते हैं वो परिवारवाद की बात करते हैं। जो अकेले रहता है वो परिवार क्या जाने,



परिवारवाद की बात करता है।''तेजस्वी जो तय किए हैं, वही करना है। हम लोग उनके साथ हैं। पूरा बिहार परिवार हमारा है। जिसको जितना गाली देना है गली देते जाइए। सब को एक जुट रहना है।''कैसे-कैसे लोग सरकार में हैं। यह महा जंगल राज नहीं राक्षस राज है। रोड पर कोई चल नहीं पा रहा, घर में घुस-घुसकर मारा जा रहा है।सारा काम सरकार का लोग कर रहे हैं।' 'मीडिया को सरकार का कुछ नहीं दिखता है। हम लोग के राज में में कुछ होता है तो एक महीना दिखाता है सब।

# यूपी के 45 शहरों में जोरदार बारिश, सड़कें बनीं तालाब

> बीते 24 घंटे में 45 जिलों में 5.3 मिमी बारिश हुई है। वैज्ञानिकों ने 3.3 मिमी बारिश की संभावना जताई थी, हालांकि 42 फीसदी अधिक हुई है। सबसे ज्यादा बारिश फिरोजाबाद में 80 मिमी रिकॉर्ड हुई। प्रदेश में एक जून से अब तक औसतन 31.2 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है। जबकि मौसम विभाग के मुताबिक अब तक 39.1 मिमी बारिश हो जानी चाहिए।

एजेंसी

उत्तर प्रदेश , यूपी में दक्षिण-पश्चिम मानसून का असर दिखने लगा है।

## कानपुर में एक घंटे बरसात, औरैया में मां-बेटे नाले में गिरे, चारपाई पर लादकर ले गए मरीज

गुरुवार को कानपुर, कानपुर देहात, उन्नाव, हाथरस, मथुरा, लखीमपुर, सोनभद्र और ललितपुर में जोरदार बारिश हुई। सड़कों पर पानी भर गया। कानपुर में साढ़े 5 बजे मौसम बदल गया। यहां करीब एक घंटे में 7.3 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। तापमान में 9 डिग्री की गिरावट आई है। दोपहर में तापमान 39.7 डिग्री था, बारिश के बाद 30 डिग्री के करीब पहुंच गया। यहां गर्मी-उमस के चलते हीट इंडेक्स 58 पहुंच गया था, जो रेड जोन में आता है। बारिश से राहत मिली है। उन्नाव में



30 मिनट की बारिश से सड़कें तालाब बन गईं। सफीपुर में सड़कों पर 2 फीट पानी भर गया। दुकानों में भी पानी घुस गया। बाइक और पैदल जाने वालों को परेशानी हुई। माखी थाना क्षेत्र के शिव बक्स खेड़ा गांव में बिजली गिरने से महिला की मौत हो गई। औरैया में बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गई। लोग उसे चारपाई पर लादकर अस्पताल ले गए थे, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया। यहां एक महिला अपने बेटे को बचाने में नाले में गिर गई। आगरा में सुबह से बादल छाए थे। शाम करीब 5 बजे बूंदाबांदी शुरू हुई, जोकि अब तक जारी है। अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री सेल्सियस रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, 25 जून तक आंधी और बारिश की संभावना है।

मथुरा में भी पूरी रात रुक-रुक कर बारिश होती रही। इसके चलते संत प्रेमानंद महाराज ने पदयात्रा स्थगित कर दी। उनके दर्शन के लिए घंटों से खड़े भक्त मायूस होकर लौट गए। लखीमपुर खीरी-फरुर्खाबाद में सुबह मानसून की पहली बारिश हुई। हाथरस में बुधवार रात 1 बजे से सुबह 7 बजे तक यानी 6 घंटे लगातार बारिश हुई। सड़कें जलमग्न हो गईं। गलियों में जलभराव हो गया। कोतवाली में घुटनों तक पानी भर गया। यहां 8.71 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। इधर, नेपाल के पहाड़ों पर हो रही बरसात से श्रावस्ती में हथिया कुंडा नाले में बाढ़ आ गई है। पानी का बहाव तेज है।

## संक्षेप

### धनपतगंज में जनसेवा की अनूठी पहल

**महावीरन मोड़ पर लगा वॉटर कूलर, कई लोग रहे मौजूद**

सुलतानपुर, धनपतगंज में स्वर्गीय राधिका मिश्रा की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके परिवार ने एक सराहनीय पहल की है। महावीरन मंदिर मोड़ पर वॉटर कूलर की स्थापना की गई है। इस प्याऊ का उद्घाटन सुलतानपुर जिला अस्पताल के प्रमुख सीएमएस डॉ. आर.के. मिश्रा ने किया। यह प्याऊ स्वर्गीय राधिका मिश्रा की स्मृति में उनके पति शत्रुघ्न मिश्रा और परिवार ने लगवाया है। परिवार में उनकी पुत्रियां संगीता पाण्डेय और वन्दना तिवारी, पुत्रवधु अंजली मिश्रा तथा पुत्रवष्णु डॉ. प्रज्ञा प्रकाश मिश्र शामिल हैं। डॉ. मिश्रा ने कहा कि यह सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक है। गर्मी के मौसम में यह प्याऊ राहगीरों के लिए वरदान साबित होगी। इस मौके पर क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इनमें जमुना प्रसाद पांडे, राम इकबाल द्विवेदी, अर्जुन पांडे, रूपेश कुमार सिंह, अवधेश कुशाग्र मिश्र, धनंजय तिवारी और डॉ. बलराम मिश्र प्रमुख थे। सभी ने इस जनसेवा की सराहना की और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

### इसौली विधायक का बहुरांवा गांव में दौरा

**बिजली और सड़क समस्याओं का जल्द समाधान का आश्वासन**

सुलतानपुर, बल्दीराय तहसील क्षेत्र के बहुरांवा गांव में इसौली विधायक ताहिर खान ने क्षेत्र भ्रमण किया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। विधायक ने ऐंजर के निवासियों से मुलाकात की। ग्रामीणों ने बिजली और सड़कों की खराब स्थिति के बारे में अवगत कराया। विधायक ने सभी बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान किया जाएगा। ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष अपनी समस्याएं विस्तार से रखीं। विधायक ने सभी की बातें धैर्यपूर्वक सुनीं और उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

### लंभुआ में बिजली आपूर्ति बदहाल

**परसीपुर में 10 दिन से जर्जर तार व ट्रांसफार्मर से ग्रामीण परेशान**

सुलतानपुर, लंभुआ क्षेत्र के परसीपुर गांव में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप है। पिछले 10 दिनों से जर्जर तारों और खराब ट्रांसफार्मर की वजह से ग्रामीणों को बिजली नहीं मिल रही है। आज बड़ी संख्या में ग्रामीण बेदूपारा स्थित अधिशासी अभियंता कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया। गांव में कम मानक का ट्रांसफार्मर लगा है। बिजली के तार भी जर्जर हालत में हैं। बिजली न मिलने से ग्रामीणों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। धान की नर्सरी को पानी नहीं मिल पा रहा है। इससे फसल को नुकसान का खतरा है। ग्रामीणों ने विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि अधिकारी प्राइवेट लाइनमैन भेजकर गांव वालों से पैसे वसूल रहे हैं। विभाग ने कई बार तारों और ट्रांसफार्मर को बदलने का आश्वासन दिया।

# सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्ष भिड़े

**दोनों तरफ से चले पथराव, कई वकील घायल, शिवकुटी थाने पर किया हंगामा**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, शहर के सिटी जोन अंतर्गत शिवकुटी थाना क्षेत्र में शनिवार को सरकारी जमीन को लेकर चल रहे पुराने विवाद ने अचानक उग्र रूप ले लिया। कब्जेदारी को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट और पथराव हुआ, जिसमें कई वकीलों को गंभीर चोटें आईं। हालात उस समय और तनावपूर्ण हो गए जब बड़ी संख्या में वकील शिवकुटी थाने पर पहुंचे और पुलिस प्रशासन के खिलाफ हंगामा किया। लोगों के मुताबिक विवादित जमीन शिवकुटी क्षेत्र में स्थित है जो राजस्व अभिलेखों में सरकारी भूमि के रूप में दर्ज है। लेकिन लंबे समय से इस जमीन पर अवैध कब्जे की कोशिशें चल रही थीं। एक पक्ष द्वारा जबरन निर्माण कार्य शुरू किया गया, तो दूसरा पक्ष वहां पहुंच गया और दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि पथराव और मारपीट शुरू हो गई। इस झड़प में कई लोग घायल हुए, जिनमें से अधिकतर वकील बताए जा रहे हैं। घायलों को नजदीकी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया है। पथराव की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया, लेकिन तनाव बना रहा। घटना से आक्रोशित वकील बड़ी संख्या में शिवकुटी थाने पहुंचे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। उनका आरोप है कि राजस्व विभाग और प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) की मिलीभगत से लगातार सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की कोशिशें हो रही हैं

और जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। वकीलों ने मांग की है कि पथराव में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो और सरकारी जमीन की सुरक्षा के लिए स्थायी कदम उठाए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

# खड़ी कार में लगी आग

**हॉलैंड हॉल के पास शॉर्ट सर्किट से हादसा, फायर ब्रिगेड ने 10 मिनट में पाया काबू**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, यूनिवर्सिटी रोड पर हॉलैंड हॉल के पास सड़क किनारे खड़ी एक कार में अचानक आग लग गई। लपटें उठते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार कुछ देर से सड़क किनारे खड़ी थी। तभी उसमें धुआं उठने लगा। इसके बाद कुछ ही देर में कार धूं- धूं कर जलने लगी। लोगों ने फौरन पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने 10 मिनट में आग पर काबू पा लिया। कार में उस समय कोई सवार नहीं था और आग आसपास की दूसरी गाड़ियों या संपत्ति तक नहीं पहुंच सकी। यदि समय रहते आग न बुझाई जाती तो एक बड़ा हादसा हो सकता था, क्योंकि घटनास्थल के पास पैदल चलने वालों और दुकानों की अच्छी-खासी आवाजाही रहती है। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने बताया कि शुरूआती जांच में आग लगने की वजह कार में हुआ शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। हालांकि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है ताकि आग लगने के सही कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस ने कार मालिक की पहचान कर ली है और पूछताछ की जा रही है। समय रहते सतर्कता बरती गई, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। फिलहाल यूनिवर्सिटी रोड पर स्थिति सामान्य है। पुलिस ने इलाके में ट्रैफिक व्यवस्था को फिर से बहाल कर दिया है। दमकल विभाग लोगों से अपील कर रहा है कि गर्मी के इस मौसम में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और वाहनों की समय-समय पर जांच जरूर कराएं।

# नवविवाहित की संदिग्ध मौत

- आर्केस्ट्रा देखने गए युवक का पेड़ पर लटका मिला शव, शरीर पर चोट के निशान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, जामो थाना क्षेत्र में एक नवविवाहित युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। बलभद्रपुर गांव के रहने वाले 25 वर्षीय मनोज कुमार वर्मा रात करीब 9 बजे आर्केस्ट्रा देखने के लिए घर से निकले थे। सुबह उनका शव गांव के बाहर एक पेड़ से लटका मिला। शव की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। पुलिस को



सूचित किया गया। जामो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पेड़ से उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता राम आनंद ने हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मनोज के शरीर पर कई जगह चोट के निशान हैं और खून भी निकल रहा था। ग्रामीणों का भी मानना है कि पहले युवक की हत्या की गई और फिर शव को पेड़ से लटका दिया गया। जामो इंस्पेक्टर विनोद सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मृतक की कुछ दिन पहले ही शादी हुई थी। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया है।

# विकास कार्यों की समीक्षा में सामने आई खामियां

**सुलतानपुर में विद्युत विभाग 74वें स्थान पर, डीएम ने अधिशाषी अभियंता को लगाई कड़ी फटकार**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा की। मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक और प्रशिक्षु आईएएस रिदम आनंद भी बैठक में शामिल हुए। उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विभागों की प्रगति की जांच की गई। विद्युत विभाग 74वें स्थान पर है। पीएम सूर्य घर योजना में लक्ष्य से कम प्रगति पर पीओ नेडा को निर्देश दिए गए। आवास विकास की रैंक में गिरावट पर अधिकारियों को 15 दिन का समय दिया गया। चिकित्सा विभाग में उपकरणों के रखरखाव की स्थिति खराब मिली। जल जीवन मिशन में जिले की रैंक प्रदेश में 53वीं है। डीएम ने लोक निर्माण विभाग, बेसिक शिक्षा, पर्यटन, सेतु निर्माण, ओडीओपी और कन्या सुमंगला योजना की भी समीक्षा की। 15 मई की समय सीमा बढ़ाकर 15 जुलाई कर दी गई है। विशेष ध्यान लम्भुआ और जयसिंहपुर के सब रजिस्ट्रार कार्यालय, आईआईटी दूबेपुर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज भदैया और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कुड़वार के निर्माण पर दिया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक की अनुपस्थिति पर कारण बताओ नोटिस जारी होगा। डीएम ने चेतावनी दी कि समय पर काम पूरा न करने वाली संस्थाओं के खिलाफ शासन को पत्र भेजा जाएगा। बैठक में यूपीपीसीएल, सिडको, सीएलडीएफ और राजकीय निर्माण निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

# नौकरी से निकलवाने के शक में गोली मारी

- अमेठी में एक व्यक्ति घायल, आरोपी तमंचे के साथ गिरफ्तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी तहसील, जिले के संग्रामपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में संग्रामपुर थाना पुलिस ने 19 जून को मुखबिर की सूचना पर आरोपी अजय कुमार वर्मा को गिरफ्तार किया। 27 वर्षीय अजय ग्राम आमपोखर मजरे गोरखापुर का रहने वाला है। पूछताछ में अजय ने बताया कि वह और उसके गांव के अमृतलाल चंडीगढ़ में एक साथ नौकरी करते थे। अमृतलाल ने कंपनी मालिक से झूठी शिकायत करके उसे नौकरी से निकलवा दिया था। इसी बात का बदला लेने के लिए 18 जून को उसने कैथोला भैरोपुर पानी टंकी के पास अमृतलाल पर गोली चलाई।



हालांकि, गोली अमृतलाल को नहीं लगी और संजीव कुमार घायल हो गया। आरोपी ने दोबारा गोली चलाने की कोशिश की, लेकिन तमंचे में गोली फंस गई और वह मौके से फरार हो गया।

# अवैध कब्जा हटाने गई राजस्व टीम पर हमला

**एसडीएम समेत कर्मचारियों से हाथापाई, तीन नामजद सहित 15 महिलाओं पर केस दर्ज**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई के दौरान एसडीएम और राजस्व टीम पर हमला हुआ। गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के माधवपुर वार्ड में दोपहर करीब दो बजे एसडीएम प्रीति तिवारी के नेतृत्व में राजस्व टीम पहुंची थी। इस दौरान तेजभान सिंह, उदयभान सिंह, मन्नू सिंह और दर्जनों महिलाओं ने राजस्व कर्मियों पर हमला कर दिया। आरोपियों ने टीम पर ईंट-पत्थर फेंके और सरकारी गाड़ियों में तोड़फोड़ की। एसडीएम के साथ हाथापाई भी की गई। अधिकारियों और कर्मचारियों को जान बचाने के लिए मौके से भागना पड़ा। हमले में शिकायतकर्ता भोलानाथ सिंह, नायब तहसीलदार अनुश्री और लेखपाल सिराज घायल हुए। घटना के बाद 6 लेखपाल और एक कानूनगो की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों पर धारा 191(2), 191(3), 115(2), 352, 351(2), 109, 125, 121(1), 132, 126 (2), 324(4), 285, 221, 2 और 3 के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने मौके से पांच आरोपियों को हिरासत में लिया है। बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। शिकायत में उदयभान सिंह के रिश्तेदार और उनके घर की 10-15 महिलाओं का भी जिक्र है।

# मकान खाली कराने के लिए जानलेवा हमला

**मकान मालिक ने दो बहनों को किया घायल; माता-पिता काम करने गए थे बाहर**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, बन्नादेवी थाना क्षेत्र के रघुवीर पुरी इलाके में एक दबंग मकान मालिक ने किराएदार बहनों के साथ जमकर मारपीट की। आरोपी ने धारदार हथियार से दोनों बहनों के ऊपर हमला कर दिया और उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ित युवतियों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद मलखान सिंह जिला अस्पताल में उनका इलाज कराया गया है। पीड़िताओं ने बताया कि मकान मालिक देर रात उनके कमरे में घुस आया था और तुरंत मकान खाली करने की बात कही। जब उन्होंने अपने माता-पिता के आने की बात कही तो आरोपी ने हमला कर दिया। रघुवीरपुरी चौकी के सराय लवरिया इलाके में रहने वाली राखी और वंशिका ने बताया कि वह अपने माता-पिता के साथ किराए के मकान में रहती हैं। उनके पिता ढ़केल लगाते हैं और मां भी काम करती हैं। उनका मकान मालिक पिछले कुछ समय से मकान खाली करने का दबाव बना रहा है। मकान मालिक के दबाव के कारण वह भी नया मकान ढूंढ़ रहे हैं। उनके माता-पिता कमरे पर नहीं थे। तभी मकान मालिक वहां आ गया और मकान खाली करने की बात कहने लगा। इस पर दोनों बहनों ने माता-पिता के आने की बात कही। जिस पर वह आक्रोशित हो गया और गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद आरोपी ने धारदार हथियार से उनके ऊपर हमला कर दिया। उन्हें घायल करने के बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। आरोपी मकान मालिक ने बड़ी बहन राखी के हाथ में धारदार हथियार मारकर उसे लहूलुहान कर दिया। जिसके बाद परिवार के लोगों ने उसे मलखान सिंह जिला अस्पताल में भर्ती कराया। युवती के हाथ में 8 टांके आए हैं। अब पीड़ितों ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है और बताया कि आरोपी मकान मालिक से उन्हें जान का खतरा है। आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी है।

बन्नादेवी थाना प्रभारी पंकज मिश्रा ने बताया कि घायलों का इलाज कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है और पीड़ितों से तहरीर ली जा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध भांग की बड़ी खेप पकड़ी

**196 किलो भांग की पत्तियों के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, थाना माँट पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में अवैध भांग की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर माँट बिजली घर के सामने से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। ट्रैक्टर ट्राली में भरकर ले जा रहे भांग के बोरे बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अशोक (40) के रूप में हुई है। वह ग्राम बिजौली थाना माँट मथुरा का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से 8 बोरों में कुल 196 किलोग्राम अवैध भांग की पत्तियां बरामद की हैं। कोई पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है कि वह इस खेप को कहां लेकर जा रहा था। और किसे सप्लाई करना था। थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने घटना में प्रयुक्त वाहन ट्रैक्टर-ट्रॉली को भी जब्त कर लिया है। आरोपी के खिलाफ थाना माँट में मुकदमा संख्या 129/2025 के तहत आबकारी अधिनियम की धारा 60(1)/72 में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# इंटर की छात्रा हुई गायब

**घर से कोचिंग का बताकर थी निकली, बचपन से ननिहाल में रहती थी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के गांव से इंटर मीडिएट की छात्रा के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। नाबालिग छात्रा ने कोतवाली में तहरीर दिया। जिसके आधार पर पुलिस ने केस दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दिया है। प्रतापगढ़ जिले के एक गांव की नाबालिग छात्रा लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थित एक गांव में अपने ननिहाल में रहकर बचपन से ही रहकर पढ़ाई कर रही थी। लापता नाबालिग लड़की के मामा के अनुसार फिलवक़्त उनकी भांजी इंटर की छात्रा है। वो कस्बा स्थित एक इंटर कॉलेज लंभुआ में पढ़ती है। मंगलवार की सुबह 8 बजे वह दियरा रोड स्थित एक कोचिंग पर पढ़ने के लिए घर से गई थी। कोचिंग के बाद वह घर वापस नहीं लौटी। काफी देर होने के बाद भी उसके घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी आसपास तलाश शुरू किया लेकिन कुछ पता नहीं चला।

# चोर की गिरफ्तारी पर व्यापारियों ने जताई खुशी

**एसपी और एएसपी को किया सम्मानित, पुलिस चेकिंग से होने वाली परेशानी बताई**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, समेत उत्तर प्रदेश के कई जिलों में सरार्फा व्यवसायियों के यहां चोरी करने वाले शातिर चोर को इन्हौना पुलिस और एसओजी टीम ने गिरफ्तार किया है। इस सफलता के लिए उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष महेश सोनी के नेतृत्व में व्यापारियों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधिकारियों का सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष महेश सोनी ने एसपी अपर्णा रजत कौशिक को प्रसंशा पत्र और अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह को गणेश प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान व्यापारियों ने अपनी कई समस्याएं भी रखीं। व्यापारियों ने कस्बों में होने वाली पुलिस चेकिंग से होने वाली परेशानी का मुद्दा उठाया। एसपी ने आश्वासन दिया कि चेकिंग के दौरान किसी व्यापारी को परेशान नहीं किया जाएगा। चालान को लेकर चर्चा ई-रिक्शा चालकों के चालान को लेकर भी चर्चा हुई। एसपी ने सामान्य चालान करने का आश्वासन दिया, जिससे चालकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े। व्यापारियों ने मुंशीगंज थाना क्षेत्र के मुख्य चौराहे पर होने वाले हादसों का मुद्दा भी उठाया। पुलिस बूथ बनाने का प्रस्ताव व्यापार मंडल ने चौराहे पर पुलिस बूथ बनाने का प्रस्ताव रखा

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी, एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग, कुर्ला (प) मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डी सी माहपे नवी मुंबई, ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी